CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 24° C

बरेली, शुक्रवार 22 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 171 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 4 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी के कर्मचारियों-पेंशनरों को राहत, डीए 2 प्रतिशत बढ़ा पेज 2



हार्दिक पंड्या पर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना खेल टाइम्स



इबोला का डरः नजर रखें और सतर्क रहें सम्पादकीय



पाकिस्तान के जरिये अमेरिका का नया युद्ध विराम प्रस्ताव पेज 12

## कॉकरोच जनता पार्टी का एक्स अकाउंट ब्लॉक

शाह आज़म राना

**नई दिल्ली।** छह दिन पहले बनी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के इंस्टाग्राम पर गुरुवार शाम 5 बजे तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है।

इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, 'आप' के 19 लाख और सीपीआई (एम) के 2.35 लाख फॉलोअर्स हैं। सीजेआई सूर्यकांत के कॉकरोच वाले बयान के विरोध में बनी इस पार्टी के एक्स पर भी 1.93 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हो चुके थे। हालांकि, एक्स अकाउंट गुरुवार करीब 12 बजे ब्लॉक हो गया। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। सीजेपी का एक्स अकाउंट भारत में बैन कर दिया गया है। एक्स के मुताबिक उसने भारत में स्थानीय नियमों, कोर्ट के आदेश या कानूनी शिकायत के आधार पर कार्रवाई की है। इसके बाद संगठन ने नया अकाउंट बना लिया। 15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके एक दिन बाद सीजेपी पार्टी बनाई गई थी।

COCKROACH JANTA PARTY

- CJP ने नया अकाउंट बनाया
- इंस्टाग्राम पर 6 दिन में 1.5 करोड़ फॉलोअर्स

## पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। यह घटना मुजफ्फराबाद में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं।

गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वह 2017 में यह कहकर पाकिस्तान गया था कि वह उच्च शिक्षा के लिए जा रहा है, लेकिन बाद में वह आतंकी संगठन अल-बद्र में शामिल हो गया और जल्दी ही कमांडर बन गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुजफ्फराबाद के एआईएसएस कॉलेज के बाहर हमजा की कार सड़क पर जाम में फंसी हुई थी, तभी हमलावरों ने उस पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने बुर्का पहन रखा था। अल-बद्र में शामिल होने के बाद वह कश्मीर लौटा। उस पर दक्षिण कश्मीर में युवाओं को कट्टरपंथ की ओर ले जाने और उन्हें आतंकी संगठनों में शामिल करने का आरोप था। उसका नेटवर्क मुख्य रूप से दक्षिण कश्मीर में सक्रिय था। हमजा बुरहान को केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। रिपोर्ट्स की मानें, तो पाकिस्तान में हमजा अपनी पहचान छिपाने के लिए एक स्कूल में प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। अपने लोगों के बीच वह डाक्टर के नाम से प्रसिद्ध था। हमजा ने कश्मीर में रहने के दौरान उसने पुलवामा से शोपियां तक अपना नेटवर्क फैलाया। उसकी मौत को पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह उन प्रमुख लोगों में से था, जो जम्मू-कश्मीर में सक्रिय पाकिस्तान- आधारित आतंकी संगठनों के लिए काम करते थे। हमजा मारे गए आतंकियों अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुरहान का असली नाम अर्जुमंद गुलजार डार है। हमजा बुरहान पुलवामा के रत्नीपोरा का रहने वाला था। 2017 में पाकिस्तान जाकर हमजा आतंकवादी संगठन अल बद्र में शामिल हो गया। अल बद्र को भारत में एक आतंकी संगठन के तौर पर लिस्ट किया गया है।



- पीओके के मुजफ्फराबाद में अज्ञात हमलावरों ने गोलिया बरसाई
- गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ा

### संक्षिप्त समाचार

#### कैलाश मानसरोवर के लिए एक हजार यात्रियों का चयन

**नई दिल्ली।** पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए इस वर्ष एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। यह यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में संपन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 के यात्रियों के चयन के लिए कम्प्यूटरीकृत ड्रा किया। इस ड्रा में निष्पक्ष और कंप्यूटर-आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया। चुने हुए यात्री लिपुलेख और नाथू ला दर्रे से होते हुए 20 बैचों में यात्रा करेंगे, जिनमें से प्रत्येक बैच में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब मोटर चालन के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो गए हैं और इनमें बहुत कम ट्रैकिंग मार्ग शामिल है।

#### ई-सिगरेट तस्करी पर कार्रवाई, 120 करोड़ रुपये का माल जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की एजेंसी राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपये मूल्य की 3,00,000 ई-सिगरेट अथवा वेप्स जब्त की है। वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार डीआरआई ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों में इन राज्यों के कुछ बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियान में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी के एक गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है।

#### अभिषेक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से हाईकोर्ट का इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया। यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ टिप्पणी करने से जुड़ा है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने याचिका को खारिज करते हुए श्री बनर्जी की कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की गैर-जिम्मेदाराना प्रकृति पर सवाल उठाए।

## उप्र, मप्र व हरियाणा में मिस्र व सऊदी अरब जितनी गर्मी

### नौतपा से 4 दिन पहले ही 48 डिग्री पहुंचा पारा, यूपी में गर्मी से 8 छात्राएं बेहोश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, लेकिन उससे पहले ही तापमान 48 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह आंकड़ा उत्तर प्रदेश के बांदा में रिकॉर्ड हुआ। तापमान के लिहाज से 20 मई को बांदा दुनिया का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। बांदा से ज्यादा तापमान केवल मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री सेल्सियस और सऊदी अरब के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

दुनियाभर में सबसे ज्यादा तापमान वाले टॉप-5 शहरों में खजुराहो 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ चौथे नंबर पर रहा। इधर, बलरामपुर में भीषण गर्मी के कारण कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पढ़ाई के दौरान 8 छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी को उल्टी, सिरदर्द और बेहोशी जैसी शिकायतें -शेष पृष्ठ दो पर



बांदा से ज्यादा तापमान मिस्र के असवान में 49.4 डिग्री और सऊदी के अराफात में 48.4 डिग्री सेल्सियस रहा

#### दिल्ली में मई की सबसे गर्म रात, टूटा 15 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मई महीने की अब तक की सबसे गर्म रात दर्ज की गई, जब न्यूनतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।यह पिछले लगभग 15 वर्षों में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। इससे पहले 26 मई 2012 को न्यूनतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सफदरजंग और लोधी रोड सहित कई स्टेशनों पर रात में गर्म मौसम की स्थिति रही। गर्म रात तब घोषित की जाती है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहता है और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस अधिक होता है।

## बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना हुआ अनिवार्य

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया।

जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी माडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था। अब सभी मदरसों को इस आदेश को लागू करने के बाद इसकी रिपोर्ट भी विभाग को सौंपनी होगी। 12 दिनों में बंगाल सरकार के 12 बड़े फैसले लिए हैं, जिनमें बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन सौंपना- भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और बाड़ (फेंसिंग) लगाने के लिए बीएसएफ को 600 एकड़ जमीन 45 दिनों के भीतर दी जाएगी, जिससे सीमा से जुड़ा पुराना विवाद खत्म होगा। बंगाल में सीसीए की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, सीसीए के तहत आने वाले 7 समुदायों और 31 दिसम्बर 2024 तक भारत आए लोगों को नागरिकता कानून का लाभ मिलेगा। पुलिस उन्हें हिरासत में नहीं ले सकेगी।

- राज्य में सीसीए लागू, BSF को फेंसिंग के लिए जमीन दी, 12 दिन में सरकार के 12 बड़े फैसले

#### आरजी कर केसः कलकत्ता हाईकोर्ट का सीबीआई को दोबारा जांच का आदेश

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजीकर रेप-मर्डर केस को दबाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने सीबीआई की 3 सदस्यीय एसआईटी बनाने का आदेश दिया। जिसकी अगुवाई सीबीआई के पूर्वी क्षेत्र के जॉइंट डायरेक्टर करेंगे। एसआईटी को 25 जून तक रिपोर्ट देनी होगी। हाईकोर्ट ने सीबीआई को उस रात के पूरे घटनाक्रम की दोबारा जांच करने को कहा है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई को जरूरत पड़ने पर किसी से भी पूछताछ करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यह आदेश पीड़ित के माता पिता की तरफ से लगाई याचिका पर दिया। पिछले साल 17 मार्च को पैरेंट्स ने सीबीआई पर केस की सही जांच नहीं करने और मामले को दबाने का आरोप लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने पेरेंट्स को कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की परमिशन दी थी। आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त 2024 की रात ट्रेनी डाक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डाक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। 20 जनवरी 2025 को सेशंस कोर्ट ने आरोपी संजय राय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

## एयर इंडिया के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

**नई दिल्ली।** बंगलूरु हवाई अड्डे पर उतरते समय गुरुवार को एयर इंडिया के एक विमान में टेलस्ट्राइक की घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से आ रहा विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और चालक दल और यात्री सामान्य रूप से विमान से उतर गए।

दरअसल, टेकऑफ या लैंडिंग के दौरान जब विमान का पिछला हिस्सा रनवे के संपर्क में आता है, तब टेलस्ट्राइक की घटना होती है। टेलस्ट्राइक के बाद सभी विमानों की संरचनात्मक समस्याओं के लिए जांच की जाती है। इस विमान में कुल 181 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि टेलस्ट्राइक की घटना के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2651, जो एक नैरो-बॉडी एयरबस ए321 है, उसको निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है।

- चालक दल सहित सभी यात्री सामान्य रूप से विमान से उतरे

## नीट पेपर लीक केस में लातूर से डाक्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डाक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डा. मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी गुरुवार को सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

## नैनीतालः भवाली के पास कार 200 मीटर खाई में गिरी

### दंपति व दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत, कार के परखच्चे उड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में गुरुवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ लग गई। सभी लोगों ने मृतकों को खाई से बाहर निकालने में हर संभव मदद की।

गुरुवार को भवाली सेनिटोरियम के रातीघाट बाईपास में यूपी नंबर की एक कार ढैला गांव के समीप अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में मूल रूप से खटीमा निवासी पति-पत्नी और उनके दो बच्चों समेत यूपी के लखनऊ निवासी चालक शामिल था। जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिक महिंद्रा कार (यूपी-32-क्यूक्यू 1874) ढैला गांव से कुछ दूर पहले अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। वाहन में सवार पांच लोगों की मौके पर ही -शेष पृष्ठ दो पर



- राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर जताया दुख

## मंत्री पद की शपथ लेते हुए विधायक बोले 'राहुल गांधी जिंदाबाद'

चेन्नई, वार्ता

**तमिलनाडु में** विजय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार में गुरुवार को फिर विवाद हो गया। कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार ने शपथ के दौरान 'कामराज अमर रहें', 'राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' कहा। इस पर गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने टोक दिया। गवर्नर ने कहा कि ये आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।

वहीं, दूसरा विवाद तमिल गीत बजाने को लेकर भी हुआ। समारोह में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वाल्थु' सबसे आखिर में बजाया गया। पिछली सरकारों में ये हमेशा पहले बजाया जाता था। तमिलनाडु में सीएम विजय की कैबिनेट का विस्तार हुआ, जिसमें 23 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दो कांग्रेस के विधायक भी शामिल हैं। किलियूर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक दल के नेता एस. राजेश कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने 'कामराज अमर रहें', 'भारत रत्न राजीव गांधी अमर रहें' और 'जननायक राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस पर राज्यपाल ने मुस्कुराते हुए कहा कि 'यह आपकी शपथ का हिस्सा नहीं है।' राजेश कुमार भी मुस्कुराए और इसके बाद शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने चले गए। तमिलनाडु में परंपरा के मुताबिक सरकारी कार्यक्रमों में 'तमिल थाई वाल्थु' पहले बजाया जाता रहा है। अब क्रम बदल गया है। शपथ समारोह की शुरुआत में सबसे पहले राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और फिर राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। सबसे आखिर में तमिलनाडु का राज्य गीत 'तमिल थाई वल्थु' बजाया गया।



- तमिलनाडु में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान कांग्रेसी विधायक राजेश कुमार को राज्यपाल ने बीच में ही टोका

## सियासी फैसले की आलोचना करना उल्लंघन नहींः हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने कहा कि राजनीतिक फैसलों की आलोचना व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मानहानि का मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी बदलना एक सार्वजनिक फैसला है। अदालत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से बने वीडियो पर भी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि यदि इन वीडियो पर आपत्ति है, तो विशेष याचिका दाखिल करें। व्यापक रोक लगाने की मांग नहीं की जा सकती।

- सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद कोर्ट पहुंचे थे राघव चड्ढा

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। श्री राजीव गांधी 1984 से 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक चुनावी अभियान के दौरान लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) द्वारा किए गए एक आत्मघाती हमले में उनकी मौत हो गई थी। इस अवसर पर विभिन्न दलों के नेताओं ने भी श्री राजीव गांधी को याद किया और देश के विकास तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सोनिया, खड़गे, राहुल, प्रियंका ने राजीव को किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को यहां उनके समाधि स्थल वीर भूमि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी ने दूरदृष्टि, साहस और भारत के भविष्य में गहरी आस्था के साथ देश को 21वीं सदी की ओर अग्रसर करने की मजबूत नींव रखी। उनके कार्यकाल में मतदान की आयु 18 वर्ष करना, पंचायती राज के माध्यम से स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाना, दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति की शुरुआत, कंप्यूटरीकरण को बढ़ावा दिया।

### यूपी के कर्मचारियों के लिए योगी सरकार ने दी खुशखबरी

# कर्मियों व पेंशनर्स का महंगाई भत्ता बढ़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एक जनवरी 2026 से लागू होगा बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत इजाफा करने की घोषणा की है। वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी दीपक कुमार ने गुरुवार को इसको लेकर आदेश जारी किया। वैश्विक संकट की वजह से पेट्रोल-डीजल और दूध के दामों में बढ़ोतरी हुई है।

योगी सरकार के फैसले का लाभ राज्य के लाखों कर्मचारियों और पेंशनर्स को होगा। आदेश के मुताबिक बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता 1 जनवरी 2026 से लागू होगा। इस संदर्भ में जारी शासनादेश में कहा गया है कि 1 जनवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक की बकाया धनराशि सीधे संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते में जमा की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवशेष राशि जमा करने से पहले उस पर देय आयकर और सरचार्ज की कटौती की जाएगी। यह प्रक्रिया वित्त विभाग के 21 मार्च 2023 के शासनादेश में निर्धारित सीमा के तहत पूरी की जाएगी। शासनादेश के अनुसार जीपीएफ खाते में जमा बकाया राशि 1 मई 2027 तक खाते में ही रहेगी और कर्मचारी इसे उससे पहले नहीं निकाल सकेंगे। हालांकि जिन मामलों में भविष्य निधि नियमों के तहत अंतिम प्रत्याहरण (फाइनल विदड्राल) की अनुमति होगी, वहां यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जो अधिकारी या कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं हैं, उनकी अवशेष धनराशि पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) में जमा कराई जाएगी या फिर नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। यदि किसी राशि के बराबर एनएससी उपलब्ध नहीं हो सकेगा, तो उस हिस्से का भुगतान नकद किया जाएगा। शासनादेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से आच्छादित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अलग व्यवस्था की गई है।

### जीबीसी 5.0 से आएंगे सात लाख करोड़ हर जिले में निवेश का खाका तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी 5.0 के माध्यम से सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जनपद में निवेश सुनिश्चित किया जाए और जिलों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। जीबीसी 5.0 का लाभ प्रदेश के सभी जिलों को मिलना चाहिए। जनपदों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देना जरूरी है।

# मौसम की अग्नि परीक्षा अभी रहेगी जारी, पूरब में रेड अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गर्मी के तल्ख तेवरों से सामान्य जन जीवन बुरी तरह प्रभावित, पशु पक्षी भी हो रहे बेहाल

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और ताप लहरी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा।

पूर्वांचल के लिए मौसम विभाग ने गुरुवार को विशेष तौर पर रेड अलर्ट जारी कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और सुबह 11 बजे से शाम पांच तक जरुरी काम से ही घर या दफ्तर से बाहर निकलने की सलाह दी है। गर्मी के तल्ख तेवरों ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल हैं। दिन चढ़ने के साथ पक्षी पेड़ की घनी शाखाओं में दुबक रहे हैं वहीं सड़कों पर सुबह से शाम तक पसरा सन्नाटा गर्मी के प्रचंड रुप की तस्कीद कर रहा है। लू से बचने के लिए लोग घर से बाहर निकलते ही गीले गमछे और तौलिए का इस्तेमाल कर रहे है। इसके अलावा ठंडे शीतल पेय जैसे लस्सी, छाछ, आम का पना, बेल का शरबत, गन्ने का रस और कई प्रकार के कोल्ड ड्रिंक्स की मांग तेजी से बढ़ी है। हर सौ कदम पर लोगों को इन पेय पदार्थों की जरुरत महसूस हो रही है। प्राणि उद्यान और अन्य संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों में जानवरों को गर्मी से बचाने के विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। कहीं कूलर तो कहीं पानी की बौछार कर वन्य जीवों को राहत प्रदान की जा रही है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए कई जिलों में नगर निकायों ने सड़कों पर पानी की बौछार करने, पेयजल की टंकियों को ट्रैक्टर ट्राली भेजने के प्रबंध किए हैं। नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ समेत कई इलाको में प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फाम होम की इजाजत दी है। गर्मी के कारण विद्युत मांग में करीब डेढ़ गुने का इजाफा होने से बिजली विभाग हतप्रभ है। एयर कंडीशनर के बेतहाशा इस्तेमाल ने इस समस्या को और विकराल बना दिया है। ट्रांसफार्मरों की ओवर हीटिग से बचाने के लिए अधिसंख्य इलाकों में सुबह से शाम तक अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में रात में भी तापमान बढ़ने और लू चलने के आसार व्यक्त किए गए है। बुधवार को बांदा लगातार चौथे दिन देश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में पारा आमतौर पर सामान्य से चार डिग्री अधिक दर्ज किया गया। प्रयागराज में अधिकतम तापमान 46.4, हमीरपुर में 46.2 डिग्री, झांसी 45.9 डिग्री, आगरा में 45.3 डिग्री और उरई में 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ 43.2 डिग्री तापमान में तपी जबकि कानपुर में दिन का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य के अधिसंख्य इलाकों में कक्षा 12 तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई है। पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

# भाषणों से अपना असली चेहरा दिखा रहे राहुलः गोयल

नई दिल्ली, वार्ता



भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गद्दार कहे जाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि वह अपने शब्दों और भाषणों के ज़रिए बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं आपके सामने एक बहुत ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा को उजागर करने के लिए उपस्थित हूं, जिसे श्री मोदी ने आज पूरा किया है। पांच दिनों में पांच देशों की यात्रा के दौरान जिस तरह से भारत ने अपनी छाप छोड़ी, जिस गर्मजोशी के साथ प्रधानमंत्री का उन सभी पांच राष्ट्रों में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान स्वागत किया गया, भारतीय प्रवासियों द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया और भारत को मिले तीन अंतर्राष्ट्रीय सम्मान, जिनमें दो देशों और खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा प्रधानमंत्री को सम्मानित किया गया, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है।यह केवल कूटनीतिक और राजनीतिक मंच पर की गई एक अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मात्र नहीं थी। इस दौरान उन्होंने श्री गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है।

# यूपी में नौ आईपीएस अफसरों के तबादले

## चार एडीजी रैंक के अधिकारियों को डीजी बनाया

लखनऊ, वार्ता



■ जय नरायन सिंह बने डीजी ईओडब्लू
■ आलोक सिंह पीएसी के नए डीजी

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के नौ वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिए। शासन ने 1994 बैच के तीन वरिष्ठ डीजी रैंक के अधिकारियों समेत एडीजी स्तर के अधिकारियों को नई तैनाती दी है।

जय नरायन सिंह पुलिस महानिदेशक/एडीजी, यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लि. से हटाकर पुलिस महानिदेशक, आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ बनाया गया। ध्रुव कान्त ठाकुर डीजी नागरिक सुरक्षा व विशेष सुरक्षा बल के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड, लखनऊ बनाया गया। साथ में डीजी नागरिक सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। बिनोद कुमार सिंह को डीजी सीआईडी व साइबर क्राइम के अतिरिक्त प्रभार से हटाकर अब डीजी सीआईडी के साथ डीजी साइबर क्राइम व डीजी यूपी-112 का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

आलोक सिंह को एडीजी कानपुर जोन से हटाकर डीजी, पीएसी मुख्यालय लखनऊ बनाया गया। साथ में डीजी विशेष सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ को एडीजी आगरा जोन से हटाकर एडीजी कानपुर जोन, कानपुर भेजी गई, जबकि ए. सतीश गणेश को एडीजी यातायात एवं सड़क सुरक्षा से अब उन्हें एडीजी अपराध का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। डॉ. आरके स्वर्णकार को एडीजी पीएसी मुख्यालय से हटाकर एडीजी, यूपी पॉवर कॉरपोरेशन लि- लखनऊ बनाया गया है। श्री एसके भगत एडीजी अपराध से हटाकर एडीजी आगरा जोन, आगरा की जिम्मेदारी दी गई। श्रीमती गीता सिंह को पुलिस महानिरीक्षक, अभियोजन से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ बनाया गया है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75183.36 | |
| निफ्टी | 23654.70 | |
| सोना | 159900 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 271974 | प्रति किलो |

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लुढ़का सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों में दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक शुरुआती तेजी के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की समाप्ति पर 135.03 अंक (0.18 प्रतिशत) की गिरावट में 75,183.36 अंक पर रहा। सुबह 627 अंक चढ़ने के बाद दोपहर में यह 323 अंक तक टूट गया था।

इस प्रकार इसमें करीब 950 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी ऐसा ही रहा और यह अंत में 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 23,654.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में कुल मिलाकर निवेश धारणा मजबूत रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिर गया, जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत ऊपर रहा। आईटी, बैंकिंग, वित्त और एफएमसीजी सेक्टरों पर बिकवाली का दबाव रहा। रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों में तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,381 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,908 के शेयरों में तेजी और 1,373 में गिरावट रही। अन्य 100 कंपनियों के शेयर अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 17 के शेयरों में गिरावट रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 1.74 प्रतिशत टूट गया। हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.37, टेक महिंद्रा में 1.36, इंफोसिस में 1.27, बजाज फिनसर्व में 1.15 और भारती एयरटेल में 1.05 प्रतिशत की गिरावट रही।

एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन और इटरनल के शेयर भी लाल निशान में रहे। इंडिगो का शेयर 3.25 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल में 1.77 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट्स में 1.12 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर बंद हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी दोनों के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई है। 21 मई की सुबह सोना 500 रुपये से ज्यादा लुढ़ककर नीचे आया ह, तो चांदी भी 2300 रुपये सस्ती हुई है।

एमसीएक्स पर आज सोना 1,59,900 रुपये पर खुला।. इसी तरह चांदी भी आज 2,291 रुपये की गिरावट के साथ 2,71,974 रुपये तक फिसली। देश के महानगरों नई ई दिल्ली में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,53,460 , मुंबई में 1,53,460, कोलकाता में 1,58,350, चेन्नई में 1,60,520, अहमदाबाद मे 1,58,410 और लखनऊ में 1,53,460 रुपये रहा। कल तो सोने के भाव बढ़ गया था, लेकिन चांदी स्थिर थी।चांदी का रेट परसों से ही एक ही जगह पर था।

# चावल नरम, गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-चढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। वहीं गेहूं में मजबूती देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,857 रुपये प्रति क्विटंल रह गई।

गेहूं 10 रुपये की तेजी के साथ 2,784 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल की औसत कीमत 11 रुपये और मूंग दाल की छह रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। तुअर दाल का भाव 27 रुपये और उड़द दाल का पांच रुपये टूट गया। मसूर दाल दो रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई।

मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 126 रिंगिट गिरकर 4,457 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.23 प्रतिशत की नरमी के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। सरसों तेल का भाव 38 रुपये और सोया तेल का 31 रुपये उतर गया।

मूंगफली तेल 15 रुपये और सूरजमुखी तेल 11 रुपये टूट गया। वनस्पति तीन रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विटंल घट गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7670.57 रुपये, मसूर काली 8112.44 रुपये, मूंग दाल 10161.14 रुपये, उड़द दाल 10831.97 रुपये, तुअर दाल 11244.49 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र, मप्र व...** थीं। इनका इलाज चल रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, ओडिशा और महाराष्ट्र के 16 शहरों में भी तापमान 46 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। महाराष्ट्र के वर्धा में 47.1 डिग्री सेल्सियस, हरियाणा के रोहतक में 46.9 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के नागपुर में 46.6 डिग्री सेल्सियस और मध्य प्रदेश के नौगांव में भी पारा 46.6डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बांदा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डा. दिनेश के मुताबिक देश में बांदा में सबसे ज्यादा तापमान होने के पीछे मुख्य कारण इसका कर्क रेखा के नजदीक होना है। इसके अलावा सीधी धूप, साफ आसमान, मिट्टी में नमी की कमी वाला पठारी इलाका, सूखती नदियां, जंगलों की कटाई और खनन शामिल हैं। दुनिया का सबसे ज्यादा तापमान 10 जुलाई 1913 को अमेरिका की डेथ वैली में रिकॉर्ड किया गया था। वहां 56.7 डिग्री सेल्सियस तापमान था। दुनिया की सबसे गर्म जगहों में ईरान के रेगिस्तान दश्त-ए-लुट का नाम शामिल है। 2005 में यहां जमीन की सतह का तापमान लगभग 70.7 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड हुआ था। भारत में आधिकारिक सबसे ज्यादा तापमान 51.0 डिग्री सेल्सियस फलोदी में 19 मई 2016 को रिकॉर्ड किया गया था। मानसून का आगे बढ़ना भी रुक गया है। फिलहाल वह तीन दिन से एक ही स्थान अंडमान-निकोबार और कोलंबो के आसपास अटका हुआ है। इसे आगे बढ़ने के लिए कोई भी ताकत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार से पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में मौसम बदलने लगेगा। अरुणाचल, असम, मेघालय में कुछ जगह भारी से भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल, लक्षद्वीप, कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 24 मई तक बारिश का अच्छा दौर रह सकता है। बाकी देश तपता रहेगा।

**नैनीताल...** मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त खटीमा मेन बाजार निवासी भूपेंद्र सिंह चुफाल (48) उनकी पत्नी सीमा कैड़ा चुफाल (45) बेटा वासु चुफाल (19) और बेटी रावी (12) के रूप में हुई वहीं वाहन चालक अनुज कुमार मिश्रा (34) पुत्र दया सागर मिश्रा निवासी अफसर नगर एलपीजी गोदाम आलम नगर लखनऊ की भी दुर्घटना में मृत्यु हो गई। लोगों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक महिला और एक पुरुष का शव क्षतिग्रस्त वाहन से निकाला गया। जानकारी के अनुसार भूपेंद्र सिंह एक निजी मेडिकल कंपनी में लखनऊ में सीईओ थे। बीरवार को वह अपनी कार में सवार होकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ भवाली गांव स्थित रिश्तेदार राजेश रावत के रिजॉर्ट की तरफ जा रहे थे, लेकिन रिजॉर्ट पहुंचने से करीब चार किमी पहले ही एक मोड़ पर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूबे के राज्यपाल ले. जनरल गुरुमीत सिंह (सेनि.) ने भी वाहन दुर्घटना में मृतकों के प्रति गहरा दुख जताया है। राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। मौके पर एसपी क्राइम नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा, सीओ रविकांत सेमवाल तथा कोतवाल प्रकाश मेहरा, एसआई आरिफ खान समेत एसआई मनोज भाकुनी, हैड कांस्टेबल महेंद्र सिंह, कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार, एफएम नितेश खेतवाल, कांस्टेबल सतीश पांडे, होमगार्ड रोहित कुमार समेत लखन सिंह व जीवन सिंह ने शवों को खाई से निकालने में मदद की।

# आर्थिक नीति में व्यापक बदलाव जरूरीः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ बिगड़ती अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए की मांग

कांग्रेस ने कहा है कि कमजोर निवेश माहौल और बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए देश की अर्थव्यवस्था में सुधार जरूरी है और इसके लिए आर्थिक नीति में तत्काल व्यापक बदलाव करने की महती आवश्यकता है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर माहौल इतना खराब हो गया है कि सरकार के समर्थक भी अब सार्वजनिक रूप से चिंता व्यक्त करने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि मुद्रास्फीति के अनुमान तेजी से बढ़ रहे हैं, जबकि आर्थिक विकास दर के अनुमान घट रहे हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में गिरावट जारी है और आपूर्ति श्रंखला के कुप्रबंधन की स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रधानमंत्री को खुद उपभोक्ताओं से खपत कम करने की अपील करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से इन मुद्दों को उठाती रही है और इनमें सबसे महत्वपूर्ण कमजोर निवेश माहौल है। उनका कहना था कि निजी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना आर्थिक विकास को तेज और टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता, लेकिन वास्तविक मजदूरी में ठहराव, उपभोक्ता मांग में कमी, नीतिगत अस्थिरता, कर नोटिस, छापों और जांच एजेंसियों के दबाव के कारण निवेश का माहौल प्रभावित हुआ है। रमेश ने आरोप लगाया कि चीन से सस्ते आयात की 'डंपिग' ने विनिर्माण क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार समर्थित कारोबारी एकाधिकार और 'चंदा लो, धंधा दो' की संस्कृति ने स्वतंत्र निवेश की भावना को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कॉरपोरेट कर दरें रिकॉर्ड निचले स्तर पर हैं और कंपनियों की कमाई बढ़ रही है, लेकिन निवेश में गति नहीं दिख रही है जबकि कई बड़े निवेशक विदेशों में निवेश कर रहे हैं।

### हाथरस कांड की दोबारा हो जांच, कार्रवाई नहीं होने का जवाब दे सरकार : लाम्बा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर चुप्पी साधने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस सामूहिक दुष्कर्म मामले पर बनी डॉक्यूमेंट्री में कई तथ्य और सबूत सामने आए हैं, लेकिन अब तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए पूरे प्रकरण की दोबारा जांच कराई जानी चाहिए। महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाथरस में 14 सितम्बर 2020 को एक दलित युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी और 29 सितम्बर को उसकी मृत्यु हो गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितम्बर की आधी रात पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया, जिससे पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े हुए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पीड़ित परिवार की एक नहीं सुनी तथा परिवार के सदस्यों को कथित रूप से घर में सीमित कर दिया गया और बेटी का चेहरा तक नहीं देखने दिया गया।

### कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ अभियान

**जम्मू।** कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को कठुआ जिले में ड्रग माफिया के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत यहां जेल में बंद एक कैदी की अचल संपत्ति ज़ब्त कर ली।

पुलिस ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा और अन्य अधिकारियों के निर्देशों के तहत पूरी की गई। अभियान के दौरान छह कनाल 18 मरला ज़मीन और बेसमेंट वाले एक मंज़िला रिहायशी मकान (जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग सात करोड़ रुपये है) वाली अचल संपत्ति को ज़ब्त किया गया। यह संपत्ति पीआईटी-एनडीपीएस के तहत हिरासत में लिए गए एक कैदी हरपाल सिंह उर्फ बलोची की थी, जो वार्ड नंबर 13, तहसील और जिला कठुआ का रहने वाला है।

शाह टाइम्स

खेल-टाइम्स

बरेली, शुक्रवार, 22 मई 2026



# दलीप ट्रॉफी से शुरू होगा घरेलू सीजन

**■ दो चरणों में खेली जाएगी रणजी ट्रॉफी**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय घरेलू क्रिकेट सीजन 2026-27 की शुरुआत 23 अगस्त से छह जोनल टीमों वाली पुरु दलीप ट्रॉफी से होगी। वहीं अक्टूबर से शुरु होने वाली रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार दलीप ट्रॉफी के बाद ईरानी कप खेला जाएगा, जिसमें मौजूदा रणजी ट्रॉफी चैंपियन जम्मू और कश्मीर का सामना शो भारत टीम से होगा। यह मुकाबला एक अक्तूबर से खेला जाएगा। रणजी ट्रॉफी और अंडर 23 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी पिछले सीजन की तरह दो चरणों में आयोजित की जाएंगी। रणजी ट्रॉफी में 32 टीमें एलीट ग्रुप में और छह टीमें प्लेट ग्रुप में खेलेंगी। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण अक्तूबर और नवम्बर 2026 के बीच खेला जाएगा। इसके बाद जनवरी में टूर्नामेंट दोबारा शुरू होगा और फरवरी तक चलेगा। इसी बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी आयोजित होंगी। महिला घरेलू सीजन की शुरुआत सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी से होगी, जो अक्तूबर और नवम्बर में खेली जाएगी। इसके बाद सीनियर विमेंस इंटर जोनल ट्रॉफी और फिर सीनियर विमेंस वनडे ट्रॉफी तथा इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी दिसम्बर से फरवरी के बीच आयोजित होंगी। महिला आयु वर्ग के टूर्नामेंट नवम्बर से जनवरी तक चलेंगे। आगामी सीजन में एक नया टूर्नामेंट भी जोड़ा गया है। इसमें सीके नायडू ट्रॉफी विजेता टीम का मुकाबला शो भारत अंडर 23 टीम से होगा। बीसीसीआई के अनुसार इसका उद्देश्य 'उभरते अंडर 23 क्रिकेटरों को ज्यादा प्रतिस्पर्धी मंच देना' है।

# GT ने CSK को 230 रन का टारगेट दिया

## साई सुदर्शन ने खेली एक बार फिर खेली 84 रन की पारी, गिल व बटलर के भी अर्द्धशतक

**■ जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की खराब शुरूआत, 31 रन पर तीन विकेट खोए**

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 का 66वां मुक.ाबला गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जा रहा है। चेन्नई ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। गुजरात ने 19 ओवर के बाद एक विकेट के नुकसान पर 216 रन बना लिए हैं।

शुभमन गिल 64 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में कंबोज के ओवर में 15 रन आए, लेकिन चेन्नई ने दो अहम विकेट भी झटके। ओवर की पहली गेंद पर सुदर्शन ने शानदार छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह बड़ा शाट खेलने के प्रयास में लॉन्ग-ऑफ पर शार्ट को कैच



थमा बैठे। सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। इसके बाद तेवतिया बिना खाता खोले रन आउट हो गए। गायकवाड ने मिड-आफ से शानदार डायरेक्ट हिट लगाकर उन्हें पवेलियन भेजा। हालांकि, इसके बाद बटलर ने लगातार दो चौके जड़कर दबाव कम किया और सिर्फ 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। बटलर ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन किया।

ओवर खत्म होने तक गुजरात का स्कोर 19 ओवर में 216/3 पहुंच गया। 14वें ओवर में 22 रन आए। बटलर ने नूर के खिलाफ आते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और दो शानदार छक्के जड़े। ओवर की आखिरी गेंद पर बटलर ने फुल लेंथ गेंद को काउ कार्नर के ऊपर स्टैंड में पहुंचा दिया। 12.2 ओवर में ने जानसन ने गिल को आउट कर चेन्नई को बड़ी सफलता दिलाई। गिल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद हवा में चली गई। शिवम दुबे ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। इस सीजन कैचिंग में संघर्ष कर रहे दुबे के लिए यह आसान मौका नहीं था। गिल 37 गेंदों में 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। 11.1 ओवर में नूर की गेंद पर एक रन लेकर सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार पांचवां आईपीएल पचासा है। सुदर्शन ने डगआउट की ओर अंगूठा दिखाकर जश्न मनाया। उन्होंने शुरुआत धीमी की थी, लेकिन बाद में शानदार लय पकड़ते हुए तेजी से रन बनाए। नूर की गुगली गेंद को उन्होंने स्क्वायर लेग के पीछे खेलकर एक रन लिया और अपना अर्धशतक पूरा किया। गिल ने टी-20 क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक सबसे कम पारियों में पहुंचने वाले बल्लेबाजों की सूची में सातवें स्थान पर हैं। गिल ने यह उपलब्धि 185 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर क्रिस गेल हैं।

# सदर्न डर्बी में सभी निगाहें विराट कोहली पर



**हैदराबाद, वार्ता।** विराट को.हली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की विस्फोटक बैटिंग ताकत के बीच एक ब्लॉकबस्टर मुकाबला शुक्रवार को यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में धूम मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि आईपीएल 2026 का लीग चरण एक रोमांचक अंत की ओर बढ़ रहा है।

हालांकि दोनों टीमों ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है, फिर भी टॉप-टू में जगह बनाने की दौड़ में यह मुक.ाबला बहुत अहम है, जिससे इस सीजन के सबसे ज्यादा इंतजार वाले मैचों में से एक में और भी ज्यादा रोमांच जुड़ गया है। सभी की नजरें पूरी तरह से कोहली पर टिकी होंगी,

जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक जबरदस्त सीजन खेलकर अपने पुराने रंग में वापसी की है। भारत के पूर्व कप्तान ने 13 पारियों में 54-20 की औसत और 164-74 के स्ट्राइक रेट से 542 रन बनाए हैं, और पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुं.चने में आरसीबी की शानदार बढ़त की अगुवाई की है। सालों की अनियमितता और करीबी हार के बाद, बेंगलुरु को इस सीजन में आखिरकार सही संतुलन मिल गया लगता है, जिसमें उनकी बैटिंग और बॉलिंग दोनों यूनिट्स से योगदान मिल रहा है। आरसीबी 18 पॉइंट्स और 1-065 के बेहत.रीन नेट रन रेट के साथ इस मुक.ाबले में उतर रही है, जिससे लीग चरण को टॉप पर खत्म करने के लिए वह पसंदीदा टीम बन गई है। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर 23 रनों की शानदार जीत के बाद आरसीबी के आत्मविश्वास को एक और बड़ा बढ़ावा मिला। वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 73 रन बनाए, जबकि को.हली ने 58 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखी। देवदत्त पडिक्कल के आक्रामक 45 रनों ने बेंगलुरु की बैटिंग लाइनअप की गहराई को और भी ज्यादा उजागर किया। बॉलिंग डिपार्टमेंट ने भी दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसकी अगुवाई अनुभवी तेज गें.दबाज भुवनेश्वर कुमार कर रहे हैं।

एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज हैदराबाद में घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी के तौर पर नहीं, बल्कि आरसीबी के मुख्य गेंदबाज के तौर पर वापसी कर रहा है। भुवनेश्वर इस सीजन में असाधारण रहे हैं, और 13 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद के पास अपने दिन किसी भी विरोधी टीम को चुनौती देने के लिए काफी ताकत है। पैट कमिस की अगुवाई वाली इस टीम ने अपनी रणनीति आक्रामक बैटिंग और निडर इरादों के इर्द-गिर्द बनाई है, खासकर अपने घरेलू मैदान हैदराबाद में, जहां ज्यादा स्कोर वाले मुकाबले अब एक आम बात हो गई है।

## डेव कजिन्स भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच बने

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक्स को ध्यान में रखते हुए, भारतीय तीरंदाजी संघ ने गुरुवार को अमे.रिका के पूर्व विश्व चैंपियन डेव कजिन्स को मुख्य कंपाउंड तीरंदाजी कोच नियुक्त किया। कंपाउंड तीरंदाजी लॉस एंजेलिस 2028 में अपना डेब्यू करेगी, जहां पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा आयोजित की जाएगी। डेव कजिन्स इतिहास के सबसे सम्मानित कंपाउंड तीरंदाजों में से एक हैं और एकमात्र ऐसे तीरंदाज हैं जिन्होंने हर बड़ी वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप स्पर्धा जीती है, जिसमें आउटडोर, इनडोर, फील्ड, 3डी और वर्ल्ड गेम्स शामिल हैं। कजिन्स अगले महीने तुर्की के अंताल्या में होने वाले वर्ल्ड कप स्टेज 3 से दो हफ्ते पहले भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल होंगे।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

**डर्बी, वार्ता।** एलिस कैप्सी (नाबाद 74) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 16 गेंदें शो रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ इंलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 10 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। सोफिया डंकले (आठ) रन बनाकर आउट हुए। छठें ओवर में ब्री इलिंग ने मैया बाउचियर (पांच) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हीथर नाइट ने एलिस कैप्सी के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट लिए 43 रन जोड़े। 12वें ओवरम में ब्री इलिंग ने हीथर नाइट (19) को आउट किया।



# पूर्व जिपं सदस्य के घर के बाहर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य के घर पर दो गाड़ियों से पहुंचे कुछ लोगों ने गाली -गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी, अवैध हथियारों से हवाई फायरिंग करके जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र उर्फ सोनू का द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी में आरोप है कि बीते दिन रात करीब दस बजे दो गाड़ियों से उनके घर के पास अवैध हथियारों से लैस कुछ लोग

**■ दो कारों में भरकर पहुंचे थे हमलावर, रिपोर्ट दर्ज**

पहुंचे, और गन्दी-गन्दी गालियां दीं। अवैध हथियारों से अवैध फायरिंग करके सतेंद्र को जान से मारने की धमकी दी। घटना घर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गयी है। सतेंद्र की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कोशिन्द पुत्र समरपाल, अभिषेक पुत्र नरेन्द्र निवासीगण गांव मुरादपुर, नत्थू पुत्र रणवीर निवासी गांव किशनपुर जिला बुलन्दशहर और 10-15 अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पद्मश्री डॉ. रविकान्त बने वेंक्टेश्वरा के सीनियर ग्रुप एडवाइजर

## स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया आयाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वेंक्टेश्वरा समूह के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के विख्यात कैंसर सर्जन, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति तथा एम्स भोपाल एवं एम्स ऋषिकेश के पूर्व निदेशक ''पद्मश्री'' प्रो. (डॉ.) रविकान्त ने वेंक्टेश्वरा समूह में सीनियर ग्रुप एडवाइजर के रूप में पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण समारोह का शुभारंभ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डॉ. ) कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, डीन मेडिकल डॉ. प्रभु एम.एच. तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिशिर पाटिल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. रविकान्त ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। डॉ. रविकान्त को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत सरकार के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री के अलावा यश भारती, उत्तराखंड रत्न तथा बी.सी. राय राष्ट्रीय चिकित्सा पुरस्कार सहित चार दर्जन से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।



इस मौके पर सीएफओ विकास भाटिया, एचआर हेड कुलदीप सिंह, ग्रुप एडवाइजर आरएस शर्मा, डॉ. अभय भटनागर, डॉ. अमित जैन, डॉ. गुरदीप सिंह कल्याण आदि मौजूद रहे।

# आर्म्स एक्ट के दोषी को एक साल की सजा

## कोर्ट ने पांच सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** 16 साल पुराने आर्म्स एक्ट के मामले में एडीजे तृतीय की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास और 500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था, जिसमें पुलिस ने वर्ष 2010 में आरोपी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। आर्म्स एक्ट के मामले में एडीजे तृतीया की अदालत ने दोषी को एक साल जेल की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का अर्थदंड लगाया। 16 साल पुराना मामला गजरौला थाना क्षेत्र से जुड़ा था। साल 2010 में थाना पुलिस ने रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव बल्दाना हीरा सिंह निवासी संग्राम सिंह को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया था। बाद में आरोपी को जमानत मिल गई थी। मुकदमे की सुनवाई एडीजे तृतीया की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी कर रहे थे। बुधवार को अदालत ने इस मुकदमे में अंतिम सुनवाई की। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर संग्राम सिंह को दोषी करार दिया। एक साल जेल की सजा सुनाई तथा 500 रुपये का अर्थदंड लगाया।

# दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो

## प्रजापति महासंघ ने एसपी से की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने पीड़ित परिवार को न्याय व दोषियों पर कार्रवाई की मांग को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय प्रजा. पति महासंघ के पदाधिकारियों ने एसपी लखन सिंह यादव को शिकायती पत्र सौंप पंजू सराय के पीड़ितों को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। उनका आरोप है कि नौगांवा सादात के गांव पंजू सराय सराय निवासी अशोक व विपिन पुत्र गंगा राम प्रजापति के मकान और जमीन पर अवैध कब्जे के उद्देश्य से पुलिस व अधिकारियों द्वारा गाली गलौज व मारपीट की गई। जिससे प्रताड़ित होकर अशोक ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। और अब दिल्ली के अस्पताल में जिंदगी-मौत से जूझ रहा है। घटना के सात दिन बीतने के बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं है। उन्होंने मांग की पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्यौनाथ प्रजापति, नवनीत कुमार गोला, इन्द्रपाल गोला, डॉ. हरज्ञान सिंह, देवराज, उपेन्द्र सिंह, कैलाश, संजीव, जगदीश सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम यूनिवर्सिटी की बस में तोड़फोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मुरादाबाद स्थित एक निजी विवि की बस में पूर्व छात्र ने अपने कुछ साथियों के साथ तोड़फोड़ की और बस में सवार कुछ छात्रों के साथ गाली गलौच की। कुलसचिव की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 संजीव अग्रवाल द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप है कि 18 मई को शाम करीब 04:20 बजे विवि की बस छात्र-छात्राओं को लेकर गजरौला की दिशा में आ रही थी। आरोप है कि गजरौला थाना क्षेत्र के गांव चौबारा

**■ कुलसचिव ने कराया पूर्व छात्र पर मुकदमा**

निवासी पूर्व छात्र अमन पुत्र टेकचंद अपने साथियों के साथ पहुंचा और भानपुर फ्लाई ओवर के नीचे बस रुकवा ली और बस में घुसकर छात्रों के साथ गाली-गलौच की। बस चालक संजीव और हेल्पर मूलचंद ने विरोध किया तो आरोपितों ने नीचे बस से नीचे उतर कर ईंटों से बस पर पथराव किया और घटना को अंजाम देकर भाग गए। घटना के दौरान बस में सवार बच्चे भी काफी देर तक सहमे रहे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### उच्च शक्ति लाइन का तार टूटकर गिरा, लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के शेरपुर चुंगी चौराहे पर गुरुवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते बच गया।हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर या वाहन तार की चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। तार गिरते ही सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ में आग लग गई। देखते ही देखते पेड़ धू-धूकर जलने लगा। आग की तेज लपटें देखकर आसपास के खोखा संचालकों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तुरंत बिजलीघर को दी। सूचना मिलते ही विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके बाद स्थानीय लोगों और खोखा मालिकों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया।

### सरकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सखी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फाउंडेशन के तत्वावधान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चैंबर की फाउंडर चंद्रकिरण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महिला एवं अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उद्यमियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, सार्वजनिक खरीद नीति तथा एमएसएमई से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने उद्यमियों को विक्रेता पंजीकरण, ई-टेंडरिंग, बैंक ऋण, सरकारी सब्सिडी तथा कारोबार विस्तार के बारे में विस्तार से बताया। एचएएल के मुख्य प्रबंधक डॉ. विपिन प्रकाश सिंह ने रक्षा क्षेत्र में एयरक्राफ्ट पार्ट्स सप्लाई और खरीद-बिक्री की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं एचपीसीएल बरेली के प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित ने तेल एवं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 100 से अधिक उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के राज कुमार तोमर, एके श्रीवास्तव, वासु अग्रवाल, राहुल जैन, ललिता सिंह, एकता सिंह, साक्क्षी रानी, शिखा सैनी, अनुराधा भारती, हेमलता सिंह, उषा सिंह, संतरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### पहले हरे पेड़ों को सुखाया, फिर काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** क्षेत्र में फलदार आम के पेड़ों को सुनियोजित तरीके से काटे जाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला नगर के कनेटा रोड का है। बताया जा रहा है कि संबंधित जमीन पर पहले पक्की चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) की गई। जिससे पेड़ों की प्राकृतिक देखरेख बाधित हुई। आरोप है कि घेराबंदी के कारण पेड़ों को जानबूझकर सुखाया गया। पेड़ सूखने के बाद उन्हें अवैध रूप से काटने का सिलसिला शुरू हो गया। बाग पक्ष के लोगों का कहना है कि पेड़ सूखने के बाद अज्ञात लोग लकड़ी काटकर ले गये हैं। वहीं, पर्यावरण प्रेमियों ने इस पर रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह जमीन के व्यवसायीकरण के लिए किया गया है। फिलहाल यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या इन पेड़ों को वास्तव में लकड़ी चोरों ने काटा है या फिर इसके पीछे कोई कोई बड़ा खेल है।

### सिलेंडर लीक होने से लगी आग, युवक झलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** गैस सिलेंडर में लीकेज होने से लगी आग में एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव कपासी में सुक्कन सिंह का परिवार मंगलवार देर शाम घर पर मौजूद था। बताया गया कि आंगन में रखे गैस सिलेंडर से अचानक गैस लीकेज होने लगी। इसी दौरान उनका 21 वर्षीय छोटा बेटा कौशिंद्र सिलेंडर के पास पहुंचा तो अचानक उसमें आग लग गई और लपटें उठने लगीं। कौशिंद्र ने आग बुझाने का प्रयास किया।लेकिन इस दौरान वह बुरी तरह झुलस गया। स्वजन घायल युवक को उपचार के लिए डिडौली के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### सुभासपा ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रक. ाश राजभर के कथित अपमान को लेकर गुरुवार को सुभासपा कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रदेश उपाध्यक्ष बलराज प्रजापति ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने आरोप लगाया कि सपा अपनी राजनीतिक जमीन खिसकने से बौखला गई है। कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजेंद्र बांगा ने कहा कि सुभासपा कार्यकर्ता अपने नेता के सम्मान की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़े हैं। पुतला फूंकने वालों में बलराज प्रजापति, जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही, मोहम्मद यूनस सैफी, मोहम्मद एहसान सैफी, जसवीर सिंह चौहान डॉ जगत सिंह गुर्जर इस्लामउद्दीन इदरीसी चौधरी राजेन्द्र सिंह मतलूब अंसारी जुबैर अहमद पवन कुमार टिंकू प्रजापति जमालुद्दीन कमर आलम बाबूराम पाल आदि मौजूद रहे।

# ईद पर सफाई व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

## नगर पालिका में कंट्रोल रूम स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर पालिका ने शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए पालिका प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है।

पालिका द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कुर्बानी के दौरान निकलने वाले अवशेषों के निस्तारण के लिए नगर को तीन जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में अलग-अलग टीमों की ड्यूटी लगाई गई है, जो लगातार सफाई और कूड़ा निस्तारण कार्य पर नजर रखेंगी। नगर पालिका ने 37 डोर-टू-डोर कूड़ा निस्तारण वाहनों को वार्डों और चिन्हित स्थानों पर तैनात किया है। ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों और मार्गों पर चूना, ब्लीचिंग पाउडर व फिनाइल का छिड़काव कराया जाएगा। इसके लिए 25 कुंतल ब्लीचिंग पाउडर, 100 लीटर फिनाइल और 20 कुंतल नमक की व्यवस्था की गई है। जबकि अपर अभियंता जल, राजस्व निरीक्षक और सफाई निरीक्षकों सहित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिका परिषद ने कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिया है, जहां कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है।

# शिक्षकों ने प्रतिकर अवकाश को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों ने प्रतिकर अवकाश की मांग को लेकर एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंप दिया।

गुरुवार को एसडीएम को दिये गये ज्ञापन में कहा कि शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में राष्ट्रीय जनगणना 2027 का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य गतिमान है। इस राष्ट्रीय कार्य को शुचितापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत भारी संख्या में शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों की ड्यूटियाँ प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में लगाई गई हैं। इस सम्बंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई गंगेश्वरी ने राष्ट्रहित में बिना किसी अवकाश के निरंतर कार्य कर रहे समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं शिक्षामित्रों को उनके द्वारा अवकाश के दिनों में किये गये कार्य के बदले नियमानुसार प्रतिकर अवकाश स्वीकृत करने के लिए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी/सक्षम अधिकारी को निर्देशित किया जाये। इस निर्णय से शिक्षक समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सभी कर्मचारी एवं शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक संयुक्त मंत्री महताबउद्दीन, आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री राजपाल राणा, जसवंत सिंह, अनिल कुमार,सोनू प्रकाश, दयाल सिंह, विजयपाल सिंह, इन्द्रपाल सिंह, दारा सिंह, फहीम अहमद, रहीस अहमद, रूप सिंह,दीपक भोला, प्रीति अग्रवाल, पूनम रानी, अंशुल रानी, चंचल सिंह, आशा, सोनम भारती आदि मौजूद रहे।



## जिम का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आज के भागदौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शहर में एक नई अत्याधुनिक जिम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस उद्घाटन समारोह की सबसे खास और प्रेरणादायक बात यह रही कि जिम संचालक ने किसी वीआईपी के बजाय अपनी माता के कर-कमलों द्वारा फीता कटवाकर जिम की शुरुआत की। यह जिम पूरी तरह से वातानुकूलित है और विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनों से सुसज्जित है। यहाँ युवाओं को बॉडी बिल्डिंग, वेट लॉस और सामान्य फिटनेस के लिए प्रोफेशनल ट्रेनर्स की सुविधा भी मिलेगी। इस अवसर पर अरविंद अन्ना, विजय कुमार गौतम, मुखिया जाटव, संदीप गुप्ता, अतुल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# एनएचएम कर्मियों ने शुरू किया कार्य बहिष्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने गुरूवार से कार्य बहिष्कार किया और दरी पर बैठकर धरना दिया। इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित रहीं। जिलाध्यक्ष गिरीश कुमार ने कहा कि दो महीने से मानदेय न मिलने की वजह से कर्मचारियों के बच्चों के एडमिशन नहीं हो पा रहे, कमरों का किराया नहीं दिया जा रहा और तो और जिन्होंने बैंक से ऋण लेकर मकान बनाए हैं, उनकी किस्तें टूट गई हैं। कर्मचारियों ने मानदेय न मिलने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने की घोषणा की। बताते दें कि पूरे उत्तर प्रदेश में एनएचएम कर्मचारियों के दो महीने से रुके मानदेय को लेकर पिछले कुछ दिनों से काला फीता बांधकर चल रही हड़ताल ने गुरुवार को कार्य बहिष्कार का रूप ले लिया है। एनएचएम कर्मचारियों ने सुबह से ही दरी बिछाकर शांतिपूर्वक कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। इस कारन स्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रतिकूल असर देखने को मिला। आक्रोशित होकर कर्मचारियों ने कहा कि दाम नहीं तो काम नहीं की तर्ज पर मानदेय नहीं आने तक के लिए कार्य बहिष्कार जारी रखा जायेगा। कार्य बहिष्कार में जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, मयंक वर्मा, डॉ0 संगीता , डॉ0 पूजा , डॉ0 साजिद , डॉ0 मोहित त्यागी , प्रदीप आदि मौजूद रहे।



**■ दो माह से आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मी**

# झगड़े की दो घटनाओं में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने देवर भाभी के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव में प्रमोद की पत्नी ललिता घर के सामने खड़ी थी, तभी उसके साथ लोकेश की पत्नी किरन ने गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। ललिता ने विरोध जताया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर ललिता का देवर सुनील आया तो किरन के पति लोकेश और देवर अतुल भी आ गए और लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। सुनील की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मौहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी दीपक पुत्र महिपाल ने मौहल्ले के ही सौरभ यादव और यशपाल सिंह पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

# 24 मई की महापंचायत सफल बनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भारतीय किसान संयुक्त मोर्चा का धरना 152 वें दिन भी शहबाजपुर डोर में जारी रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भुगर्भ के जल को दूषित करने वाले कारखानों पर कोई कार्रवाई न होने के कारण उनके हौंसले बढे हुए हैं।

**■ किसानों का धरना 152 वें दिन भी जारी**

गुरवार को धरने को सम्बोधित करते हुए नरेश चौधरी ने कहा कि पूरे क्षेत्र के किसानों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा पानी और मिट्टी के नमूने लिए गए थे लेकिन आज तक भी उनकी जांच रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं की गई। कहा कि 24 मई को किसानों ने एक महापंचायत आयोजित होगी। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष इकबाल सैफी ने कहा कि, किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर मौजूद रहे व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, अजय पाल सिंह, ओमपाल सिंह, जसवंत सिंह, मुकेश, सलीम अहमद, इस्लाम सैफी, सुखराम, राजपाल, शाप सिंह, बाबूराम, चरन सिंह चंद्रपाल आदि किसान मौजूद रहे।



# लेखाकार का फोन छीनकर भागे युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** जेब से फोन निकालकर बात. चीत करने का प्रयास कर रहे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के लेखाकार का फोन छीनकर स्कूटी सवार तीन युवक फरार हो गए। लेखाकार की तहरीर पर पुलिस ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार निपेन्द्र सिंह गजरौला की एमडीए कॉलोनी में रहते हैं। 19 मई को रात करीब सवा नौ बजे वे स्टेशन से उतरकर पैदल पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे, महिन्द्रा एजेंसी के पास उन्हें किसी की कॉल आई। जैसे ही फोन निकालकर बात करने के लिए कान पर लगाया त्यों ही पीछे से आए स्कूटी सवार तीन युवक उनका फोन छीनकर फरार हो गए। निपेन्द्र सिंह ने उनका पीछा भी किया मगर युवक हाथ न आए। लेखाकार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### हीट वेव से निपटने की तैयारी पूरी



**स्योहारा।** भीषण गर्मी और लू को देखते हुए शासन के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट वेव से निपटने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सीएचसी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने बताया कि अस्पताल में 6 बेड का विशेष वार्ड तैयार किया गया है। जहां कूलर, ऑक्सीजन, सिलेंडर, आइस पैक और कोल्ड स्पंजिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हीट वेव के मरीजों के उपचार के लिए ओआरएस आईवी फ्लूड सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण देकर उनकी ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। इसके अलावा कुत्ता काटने की एआरवी तथा सांप काटने की एएसवी वैक्सीन भी अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। डा. स्नेही ने बताया कि फिलहाल हीट वेव के मरीज सामने नहीं आए हैं, लेकिन अस्पताल पूरी तरह तैयार है। ओपीडी में प्रतिदिन करीब 250 से 300 मरीज पहुंच रहे हैं तथा सभी जांच सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तेज धूप में निकलने से बचें। सिर ढककर रखें। हल्के व सूती कपड़े पहनें तथा शरीर में पानी की कमी न होने दें। उन्होंने बताया कि लू लगने पर थकान चक्कर सिरदर्द मिचली और अत्यधिक पसीना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे लक्षण महसूस होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**नांगल सोती।** भागूवाला से सराय आलम जाने वाले नहर पटरी मार्ग पर कोट सराय के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बीती देर रात राहगीरों ने नहर पटरी मार्ग पर हादसे की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। कोट सराय के पास नहर पटरी मार्ग पर क्षतिग्रस्त बाइक के साथ घायल अवस्था में एक व्यक्ति पड़ा मिला। पुलिस ने गंभीर से घायल को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उत्तराखंड के हरिद्वार श्यामपुर निवासी धर्मपाल सिंह का 32 वर्षीय पुत्र अमित सिंह नहर पटरी मार्ग से गुजर रहा था, किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हो सकता है। जिसकी जांच की जा रही है, परिवार को हादसे की सूचना भेज दी गई है।

### संविदा कर्मियों का धरना शुरू



**हल्दौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने के विरोध में आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि शीघ्र भुगतान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने चिकित्सा प्रभारी डा. जितेंद्र कुमार के माध्यम से सीएमओ को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि मार्च 2026 से अब तक कर्मचारियों को मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने पिछले छह माह से अवगत कराने के बावजूद मानदेय नहीं मिला। कहा कि 'दाम नहीं तो काम नहीं' तथा 'समान कार्य के लिए समान वेतन' जैसे नारे लगाते हुए लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन के चलते अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी असर दिखाई दिया और उपचार के लिए पहुंचे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन में रावेंद्र कुमार, नीरज कुमार, राजेश कुमार, सुधीर कुमार, रीना, हिमांशु, शेखर, अमित कुमार, अंकित, खिलेंद्र सिंह, भीम सिंह, हर्षित आदि समेत कई संविदा कर्मचारी शामिल रहे।

### वांछित बदमाश गिरफ्तार

**नांगल सोती।** पुलिस ने चोरी में वांछित चल रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने नांगल-मंडावली मार्ग पर पटाखा फैक्ट्री के समीप से अशोक उर्फ जहरीला निवासी रम्पुरा थाना पंसगवा, जिला लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है। बदमाश एक चोरी के मामले में फरार चल रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से सोने के टॉप्स व 1650 रुपए की नगदी बारामद की है। बदमाश के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाश को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### बुढ़नपुर की नहर में मिला अज्ञात शव

**स्योहारा।** आज सुबह ग्राम बुढ़नपुर के पास नहर में ग्रामीणों ने लाश पड़ी देखी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से लाश को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया लाश पर पर किसी गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी संबंधी जानकारी भी जुटा रही है।

### फायरिंग का आरोप झूठा, जांच की मांग



**नहटौर।** ग्राम फुलसंदा गंगदास के दर्जनों ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर चार युवकों पर फायरिंग के आरोप को झूठा बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही एक व्यक्ति आए दिन गांव के युवाओं को झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश करता है। इसी क्रम में, दो दिन पहले उस व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के चार युवाओं ने कथित तौर पर फायरिंग की है। ग्राम प्रधान फशाहाद अहमद और उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वे चारों युवक मुंबई जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे और वे गांव में मौजूद नहीं थे। ग्रामीणों का दावा है कि इन युवाओं को साजिश के तहत झूठा फंसाया जा रहा है। इस झूठी शिकायत से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना परिसर में एकजुट होकर पुलिस से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ट्रक व कार की जोरदार टक्कर

## कार सवार पांच गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** स्योहारा मार्ग पर अल्हैपुर ब्लॉक कार्यालय के निकट हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए। कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुरादाबाद जनपद के कांठ निवासी अमित कार से धामपुर रहे थे। जैसे ही उनकी कार अल्हैपुर ब्लॉक कार्यालय के समीप पहुंची, सामने से आ रहे एक ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में कार सवार विवेक गौतम, हरीश, सुरेंद्र, कृष्णा सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन घायलों को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## कार्यशाला में अभिनय एवं रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के सहयोग से आयोजित ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला में विद्यार्थियों को अभिनय एवं रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला का निर्देशन एवं प्रशिक्षण प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं फिल्मी कलाकार शुभम पांडेय द्वारा किया जा रहा है।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को नाटक की विभिन्न विधाओं, संवाद अदायगी, मंच संचालन, भाव-भंगिमा एवं अभिनय कला की विशेष तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षक श्री शुभम पाण्डेय ने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी पात्र को मंच पर जीवंत बनाने के लिए कलाकार को स्वयं को उसी पात्र के रूप में ढालना पड़ता है। उन्होंने बच्चों को अभिनय के दौरान भावनाओं की अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली प्रस्तुति देने की कला का अभ्यास कराया। साथ ही रंगमंच की बारीकियों को सिखाते हुए मंच पर बोलने की शैली, चेहरे के हाव-भाव, शारीरिक गतिविधियों एवं संवादों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के अंदर असीम प्रतिभा छिपी होती है, आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन और उचित मंच देने की होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि बच्चों को कला, संस्कृति एवं मंचीय गतिविधियों से जोड़ना भी आवश्यक है, ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यशाला में कैटेगरी ए के विद्यार्थी मानसी, सौम्या, साक्षी, सुहाना, एंजल, अविरा, वर्षा, आफिया एवं नंदिनी, कुणाल, पीयूष, अंश पाल, देव चौहान, पीयूष, देव, सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अभिनय की नई-नई विधाओं को सीखकर आनंद प्राप्त किया।

## परिश्रम कभी भी व्यर्थ नहीं जाता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मनुष्य के जीवन में परिश्रम का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बिना मेहनत के कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। संसार में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उनकी सफलता के पीछे कठोर परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प का योगदान रहा है। यही कारण है कि कहा जाता है 'परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।' मेहनत वह शक्ति है, जो असंभव लगने वाले कार्य को भी संभव बना देती है। जीवन में केवल बड़े सपने देखना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उन सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक होता है। जो व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानता और लगातार मेहनत करता रहता है, वही अंततः सफलता प्राप्त करता है। विद्यार्थी यदि नियमित अध्ययन करे, समय का सदुपयोग करे और पूरे मन से अभ्यास करे, तो वह निश्चित रूप से अच्छे अंक प्राप्त करता है। इसी प्रकार किसान खेतों में दिन-रात परिश्रम करता है, तभी उसे अच्छी फसल मिलती है। मजदूर, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, शिक्षक और डॉक्टर, हर व्यक्ति की सफलता का आधार मेहनत ही है। कई बार ऐसा होता है कि हमें अपनी मेहनत का परिणाम तुरंत दिखाई नहीं देता। कुछ लोग इसी कारण निराश होकर प्रयास करना छोड़ देते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। मेहनत हमें अनुभव, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करती है। असफलता भी हमें बहुत कुछ सिखाती है और भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार करती है। जो व्यक्ति अपनी असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ता है, वही जीवन में ऊंचाइयों को छूता है। इतिहास इस बात का प्रमाण है कि महान उपलब्धियां केवल परिश्रम के बल पर ही प्राप्त हुई हैं। थॉमस अलवा एडिसन ने हजारों बार असफल होने के बाद बल्ब का आविष्कार किया। यदि वे हार मान लेते, तो दुनिया शायद इस महान खोज से वंचित रह जाती। इसी प्रकार डा. एपीजे अब्दुल कलाम ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर मेहनत करके भारत के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त किया। आलस्य मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। आलसी व्यक्ति अवसर मिलने पर भी जीवन में आगे नहीं बढ़ पाता, जबकि परिश्रमी व्यक्ति हर कठिनाई को पार कर लेता है। मेहनती व्यक्ति समाज में सम्मान प्राप्त करता है और आत्मनिर्भर बनता है।

# उज्ज्वला योजना का लाभ लेने में परेशानी

## पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव के नेतृत्व में एसडीएम से मिली महिलाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लेने में आ रही परेशानियों को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं आज एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और समस्या समाधान की मांग उठाई। महिलाओं ने बताया कि आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड काट दिए जाने के कारण उन्हें योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हाल ही में पूर्व विधायक डा. इंद्रद. व सिंह को उज्ज्वला योजना लाभार्थी का जिला चेयरमैन बनाया गया है। भाजपा जिला मंत्री मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में पुराना धामपुर क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाएं उज्ज्वला योजना का लाभ लेने के लिए डा. इंद्रदेव सिंह से मिली थीं। इस दौरान लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेज और राशन कार्ड उपलब्ध कराने को कहा गया। जांच में पता चला कि कई महिलाओं के राशन कार्ड आपूर्ति विभाग द्वारा विभिन्न कारणों से काट दिए गए हैं।

राशन कार्ड निरस्त होने के कारण महिलाएं योजना का लाभ लेने से वंचित हो रही हैं। समस्या का समाधान न होने पर डा. इंद्रदेव सिंह स्वयं महिलाओं के साथ एसडीएम स्मृति मिश्रा से मिलने पहुंचे और पूरे मामले से अवगत कराया। महिलाओं ने कहा कि वे योजना की पात्र हैं, लेकिन राशन कार्ड कट जाने से उन्हें सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद डा. इंद्रदेव सिंह और महिलाएं आपूर्ति कार्यालय भी पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान की मांग की गई।

इस दौरान मिथिलेश चौधरी, उमेश सिंड, बीना, कविता, रूबी, छाया, पूनम, रेनी, रवीता और सीमा, गोपाल सिंह नरेंद्र सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# आईएमए ब्लड बैंक का शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल लेबोरेटरी साइंसेज के विद्यार्थियों ने फैकल्टी सदस्यों के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्लड बैंक, देहरादून का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली, आधुनिक तकनीकों तथा मेडिकल लेबोरेटरी सेवाओं से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था, ताकि विद्यार्थी अपने विषय को और बेहतर तरीके से समझ सकें।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्लड बैंक की विभिन्न यूनिट्स का दौरा किया और रक्त संग्रह, ब्लड ग्रुपिंग, क्रॉस मैचिंग, ब्लड स्टोरेज, ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन तथा रक्त जांच की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। आईएमए ब्लड बैंक के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार रक्तदान के बाद रक्त को सुरक्षित रखा जाता है तथा विभिन्न जांचों के बाद जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाया जाता है।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ब्लड स्क्रीनिंग में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनों और तकनीकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सीबीसी जांच, संक्रमण जांच, ब्लड बैग स्टोरेज सिस्टम तथा अन्य महत्वपूर्ण लैब उपकरणों को करीब से देखा और उनके कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

इस मौके पर विद्यार्थियों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। साथ ही मेडिकल लैब टेक्नीशियन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किसी भी बीमारी के सही निदान और उपचार में मेडिकल लेबोरेटरी की अहम भूमिका होती है और लैब टेक्नीशियन स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। फैकल्टी सदस्यों ने विद्यार्थियों को मेडिकल लेबोरेटरी क्षेत्र में अनुशासन, टीमवर्क, धैर्य एवं सटीकता के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में नई तकनीकों को सीखने और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को अपने करियर के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। भ्रमण के दौरान विवेक विश्वविद्यालय और आईएमए ब्लड बैंक, देहरादून के अधिकारियों के बीच स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की गई। कार्यक्रम के अंत में विवेक विश्वविद्यालय एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ब्लड बैंक, देहरादून की ओर से एक-दूसरे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### 125 रोगियों का चिकित्सा परीक्षण



**धामपुर।** श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम कल्याणपुर पंचायत घर में किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर्स की टीम द्वारा 125 रोगियों का सकुशल इलाज किया गया। इस शिविर में श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के अध्यक्ष डा. एनपी सिंह भी मौजूद रहे। शिविर में बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच की गई एवं दो दिन की दवाई भी निःशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डा. आकाश कुमार, डा.रविंद्र सिंह, डा. रेनू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल मैनेजर त्रिवेंद्र राणा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्रीराम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं इस शिविर में आयुष्मान कार्ड भी चेक किए गए और नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए और आयुष्मान कार्ड के द्वारा निःशुल्क इलाज के बारे में भी बताया गया।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**धामपुर।** लखनऊ में अधिवक्ताओं के चैम्बर्स पर बुल्डोजर चलाने व अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम स्मृति मिश्रा को ज्ञापन दिया। धामपुर तहसील, एसडीएम कोर्ट में सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और विरोध व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने इसकी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। अधिवक्ताओं ने ग्राम न्यायालय के बाहर उपस्थित होकर प्रदर्शन किया तथा न्यायकि कार्य से विरत रहकर एक दिवसीय हड़ताल की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में बार एसोशिएशन धामपुर के अध्यक्ष विनोद सैनी एड., जावेद उमर एड., भीम सिंह एड., हिरेंद्र कुमार एड., अदनान सईद एड., आमिर अंसारी एड., कुणाल गांधी एड., अजय कुमार एड., संजीव कुमार एड., बंटी चौहान एड., तालिब खान एड., शाहनवाज गजाली, अनस नोमानी एड., राजवीर एड., मुकेश कुमार एड. आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### 'प्रेरणा' ने किया मेधावियों को सम्मानित



**नांगल सोती।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'प्रेरणा' ने राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में ग्यारहवां प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित कर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से सम्बद्ध क्षेत्रीय विद्यालयों के विद्यालय स्तर पर हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 31 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि साहू जैन महाविद्यालय नजीबाबाद के पूर्व प्राचार्य डा. एलएस बिष्ट ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में समय पालन का विशेष महत्व है, समय को व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए। विद्यार्थी को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करते हुए उन्हें प्राप्त करने का प्रयास करते रहना चाहिए। राजा भरत सिंह इंटर कालेज के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। परिश्रमी बनकर अनुशासित रहकर और गुरुजनों के आशीर्वाद से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को कालेज प्रबंधक ऋषभ प्रताप सिंह, प्राचार्य राजीव कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक डा.नयपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह, अशोक कुमार आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कावेंद्र सिंह एड.ने की। संचालन प्रेरणा के संरक्षक सुरेंद्र सिन्हा और मंत्री मुकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अल्फिया, फायजा, प्रियांशु, अलफिशा, इकरा, दर्शिका, नेहा रवि, खुशबू परवीन, सिमरन अंसारी, अलीना खातून, भूमिका, गुलजवी, अलका, महकना, सुमैया परवीन, इशिका, रब्बील जोया, यशिका, दिव्यांशी, शिवम, साहिवाल परवीन, प्रियांशी शर्मा, प्रियांशी, हर्ष कुमार, गासिया, अनुज राजपूत, अल्फिया परवीन, आयशा, महवीश विद्यार्थी तथा प्रेरणा परिवार के सदस्य सुरेश चंद्र राजपूत, अखलाक हुसैन, कमल सिंह, सत्य प्रकाश आर्य, संजय कुमार सिंह, केशव शरण, ब्रह्मपाल सिंह, मौहम्मद शाहिद, करतार सिंह, दिनेश परमार, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेलवे ट्रैक किनारे शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** आज सुबह मिल कॉलोनी के पीछे रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने रेलवे ट्रैक किनारे लाश पड़ी देखी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस द्वारा लाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान और मौत के कारणों की जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि मौत के सही कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। बताया जा रहा है कि पिछले तीन-चार महीनों से रेलवे ट्रैक के आसपास अज्ञात शव मिलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिसको लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं।

# अवैध खनन पर करें सख्ती : डीएम

**डीएम ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों और सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, सीएम डैशबोर्ड तथा अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु भूमि चयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अवैध खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन नहीं होना चाहिए।

बैठक में तहसीलवार राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए ग्राम प्रधानों को जारी आरसी की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से 10 लाख रुपये से अधिक बकाया आरसी की वसूली पर ध्यान देने को कहा गया। इसके साथ ही मंडी, औषधि, गन्ना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, परिवहन तथा गेहूं खरीद की भी समीक्षा की गई।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा बताया गया कि तहसीलों से गाटा सूची अपडेट न मिलने के कारण कई स्थानों पर गलत दरों पर रजिस्ट्री हो जाती है, जिससे राजस्व का नुकसान होता है। इस पर जिलाधिकारी ने सही लोकेशन और मैपिंग सहित गाटा सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनपद में 197 स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन बनाए जाने हैं। जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों से भूमि चयन कर नजरी नक्शा एवं सत्यापन शीघ्र उपलब्ध कराने को कहा, ताकि धनराशि की मांग कर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। राशन की 31 दुकानों के रिक्त होने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सक्रिय स्वयं सहायता समूहों का सत्यापन कर उन्हें दुकानें आवंटित की जाएं। साथ ही उपजिलाधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण, सीएचसी और पीएचसी का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को गांवों का निरीक्षण करने, जरूरतमंद लोगों से मिलने और ई-ऑफिस प्रणाली में नियमित कार्य करने के निर्देश दिए। पंचायत निर्वाचन की डुप्लीकेट सूची का सत्यापन कराने तथा तहसीलवार धारा-24, 34, 38, 80 और 116 के लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा गया। पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने और पट्टा आवंटन में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में यह भी बताया गया कि तहसील नवाबगंज, बहेड़ी, फरीदपुर और आंवला में हेलीपैड निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध हो गई है। जिलाधिकारी ने अन्य तहसीलों और विकास खंडों में भी भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो युवतियों को परेशान करने वालों के खिलाफ केस दर्ज

**बैंककर्मी युवती को फोन और व्हाट्सएप के जरिए अश्लील बातें कर दी धमकी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में युवतियों को फोन और व्हाट्सएप के जरिए परेशान करने के दो मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहला मामला मीरगंज कस्बा का है। कस्बा निवासी एक युवती बैंक में कार्यरत है। युवती का आरोप है कि करीब आठ वर्ष पहले एक नंबर से कॉल कर एक युवक उसे परेशान करता था, जिसके बाद उसने नंबर ब्लॉक कर दिया था।

आरोप है कि गत 19 मई को युवक ने फिर कॉल कर युवती को आपत्तिजनक गालियां दीं और अश्लील भाषा का प्रयोग किया। विरोध करने व पुलिस को सूचना देने की बात कहने पर आरोपी ने अगवा कर गंभीर नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। आरोपी खुद को मो. हित वर्मा बताता है। बुधवार को युवती अपने पिता के साथ थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने मो. हित वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरा मामला क्षेत्र के गांव रईयानगला का है। यहां एक 25 वर्षीय युवती के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति व्हाट्सएप के जरिए अश्लील फोटो भेजता है और अभद्र संदेश करता है। आरोप है कि आरा. पी अश्लील बातें भी करता है तथा खुद को अमान खान उर्फ अमान रजा बताता है। विरोध करने पर व्हाट्सएप कॉल कर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### महिलाओं समेत नाबालिग से मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहली घटना गांव नथपुरा की है। यहां की सरिता पत्नी भूपेंद्र ने आरोप लगाया कि 18 मई की शाम पुरानी रंजिश के चलते गांव के सचिन और राहुल ने उनके पति भूपेंद्र के साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट में भूपेंद्र को गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंची सरिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई।वहीं दूसरी घटना गांव हल्दी खुर्द की है। रुकसाना पत्नी मोहम्मद यासीन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के सारिफ, आसिफ और साजिद घर में घुस आए और उनके नाबालिग पुत्र मोहम्मद अनस के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज में पांच लाख और बाइक की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विवाहिता को पीटने का आरोप**

**मीरगंज।** रामपुर जिले के मिलक कस्बा के मोहल्ला भांडोवाली निवासी मुस्कान पत्नी सलमान, जो वर्तमान में मीरगंज के मोहल्ला माल. पुरा में रह रही हैं, ने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

मुस्कान का कहना है कि शादी में मायके पक्ष ने सामर्थ्य के अनुसार खर्च किया था, लेकिन विवाह के बाद पति सलमान समेत गुड्डू, सरताज, शादाब और मुस्तरी दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि ससुराल पक्ष मायके से पांच लाख रुपये नकद और एक बाइक लाने की मांग कर रहा था।पीड़िता के अनुसार, 17 मई की रात करीब 10 बजे विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीएचसी से युवती लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव दियोसास की एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के पिता ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।बताया गया है कि गत मंगलवार को युवती सीएचसी गई थी। उसका चचेरा भाई उसे सीएचसी पर छोड़कर वापस घर लौट आया। आरोप है कि इसके बाद युवती सीएचसी से अचानक गायब हो गई।पिता का कहना है कि गांव का बब्लू उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। साथ ही युवती घर में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र भी साथ ले गई।पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर बुधवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पिछले 15 साल से लिव इन रिलेशन में रह रही महिला ने लगाया वेश्यावृत्ति कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र की एक महिला ने लिव इन रिलेशन में रह रही व्यक्ति पर वेश्यावृत्ति कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कस्बे की वस्ती प्रभात नगर की रहने वाली एक महिला के पति का निधन 15 साल पहले हो गया था तव से वह ग्राम गरगैया के एक व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही है। आरोप है कि वह उससे वेश्यावृत्ति कराने के लिए धमकाता है। महिला के मुताबिक वह 16 मई को घर से बाहर गई थी जव वह लौटी तो घर पर 4=5 लोग बैठे थे। उसके पति ने कहा जल्दी से तैयार हो जाओ यह काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। जव उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि ग्रामीण के पुत्र और उसने उसके जेवरात छीन लिए और जान से मारने के साथ ही मकान पर कब्जा करने की धमकी देने का भी आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### प्रेम प्रसंग के चलते युवती को भगाने का आरोप, दो पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**एक ही जाति के होने से मामला बना चर्चा का विषय, पुलिस जांच में जुटी**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरारपुर से एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम मुरारपुर निवासी चम्पत राय पुत्र दीनानाथ ने कोतवाली बहेड़ी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री राधा को 19 मई की शाम करीब चार बजे आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। मामले में पुलिस ने ग्राम गुड़वारा निवासी राजू मौर्य पुत्र भवानी प्रसाद तथा ग्राम कमालपुर थाना देवरनियां निवासी तेजपाल पुत्र हरिओम के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों पक्ष एक ही मौर्य जाति से संबंध रखते हैं। साथ ही युवती राधा और तेजपाल के बीच पहले से प्रेम प्रसंग होने की बात भी प्रकाश में आई है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। बहेड़ी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा युवती की तलाश के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### खाना बनाते समय झोपड़ी में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हजारों का सामान जलकर हुआ राख**

**नवाबगंज।** नजदीकी ग्राम ईंधजागीर में दोपहर का खाना बनाते समय झोपड़ी में आग लग गई, इस भीषण आग ने अपनी चपेट में चार और झोपड़ियों को ले लिया। आग लगने से बाइक, साइकिल सहित हजारों का सामान जलकर राख हो गया।

ग्राम में बड़ी संख्या में महावट जाति के परिवार झोपड़ी डालकर रहते हैं। गुरुवार को दोपहर खाना बनाते समय किसी तरह झोपड़ी में आग लग गई जिसने अपनी चपेट में और झोपड़ियों को ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला ने तत्काल ही फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी, जिस पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि जिनकी झोपड़ियों में आग लगी उनमें मुन्ना लाल, लालू, महेन्द्र, मैकू लाल और कांता प्रसाद का हजारों रुपए का घरेलू सामान के साथ ही एक बाइक, एक हीरो पुक और एक साइकिल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान ने तहसील प्रशासन से सभी को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

### रेलवे ने बदल दिया है कई ट्रेनों का रूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेलखंड पर दोहरीकरण और नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। इसका असर दिल्ली जाने वाले यात्रियों पर भी पड़ेगा।

रेलवे प्रशासन के अनुसार 29 मई और 5 जून को चलने वाली 12211 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस अब छपरा ग्रामीण-भटनी-गोरखपुर मार्ग से चलेगी। वहीं 20 मई और 3 जून को चलने वाली 12212 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस भी बदले हुए रूट से संचा. लित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण ये ट्रेनें चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज और बगहा स्टेशनों पर नहीं जाएंगी। इससे बिहार और पश्चिम चंपारण क्षेत्र से दिल्ली आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे प्रशासन ने 20 मई से 8 जून तक चलने वाली 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी सकरी-मुजफ्फरपुर-छपरा ग्रामीण-गोरखपुर होकर चलाई जाएगी। यह ट्रेन शिशो, सीतामढ़ी, रक्सौल, सिकटा, नरकटियागंज, हरिनगर, बगहा, सिसवा बाजार और कप्तानगंज स्टेशनों पर नहीं रुकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह बदलाव उनौला-पिपराइच स्टेशनों के बीच दोहरीकरण कार्य और 6 से 8 जून तक होने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण किया गया ट्रेन को पश्चिम मध्य रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे में 30-30 मिनट और पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 60 मिनट नियंत्रित किया जाएगा।

# युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**मां ने आठ लोगों पर लगाया धमकी और सहयोग का आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसमपुर निवासी आयशा बी पत्नी अजमत शाह ने थाना बहेड़ी में अपनी पुत्री रूबी (21) को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार, 18 मई 2026 की रात करीब आठ बजे आरोपी जीशान उर्फ फैय्याद अहमद और उसका बहनोई सिवतैन कथित रूप से रूबी को अपने साथ भगा ले गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विरोध करने पर अन्य आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में जीशान उर्फ फैय्याद अहमद, सिवतैन, इल्यास, जेगू निशा, तनवीर अहमद, खतीव अहमद, छोटा और समीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सभी आरोपी ग्राम तुलसमपुर के निवासी बताए गए हैं। स्थानीय स्तर पर जानकारी करने पर पता चला है कि दोनों पक्षों के घर आमने-सामने हैं और एक-दूसरे को पहले से जानते हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि रूबी और जीशान के बीच प्रेम प्रसंग था।

प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले में अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बहेड़ी में छह साल की मासूम से दरिंदगी, दो नाबालिग हिरासत में

**घर के पास खेल रही बच्ची को खेत में ले जाकर किया दुष्कर्म**
**गांव में तनाव के बाद पुलिस बल तैनात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के पास एक बच्ची खेल रही थी, इसी दौरान गांव के ही दो नाबा. लिग छह वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर पास के खेत में ले गए और बच्ची से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो नाबालिग किशोरों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और बीएनएस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक 21 मई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे गांव में अखंड रामायण का पाठ चल रहा था। इस दौरान छह साल की बच्ची घर के पास ही खेल रही थी। आरोप है कि गांव के दो किशोर बच्ची को बहला-फुसलाकर खेतों की तरफ ले गए, और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के घर पहुंचने पर परि. जनों को घटना का पता चला। बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों नाबालिगों के विरुद्ध भारतीय न्याय सं. हता की धारा 137(2), 87, 70(2) तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम यानी पॉक्सो एक्ट की धारा 5उ/5ह/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों किशोरों को हिरासत में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को हर संभव कानूनी मदद दी जाएगी।

## अभद्र कमेंट किए जाने की पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक निजी विद्यालय में आयोजित किए गए समर कैम्प के फोटो सोशल मीडिया पर डाले जाने के बाद एक शोहदे ने छात्राओं के फोटो पर अभद्र कमेंट कर डाले। विद्यालय के प्रबंधक ने पुलिस को शोहदे के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। कस्बे के एसएसटी इण्टर कालेज में गुरुवार को समर कैम्प का आयोजन किया गया था। कैम्प में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं ने इसके फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए थे। आरोप है कि छात्राओं के इन फोटों पर एक शो. हदे ने अभद्र कमेंट कर डाले जिससे छात्राओं के साथ ही विद्यालय की भी छवि खराब हुई है। विद्यालय के प्रबंधक टीआर गंगवार ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## थाने शिकायत करने आ रहे युवक को दबंगों ने पीटा, रुपये और मोबाइल छीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पत्नी के बारे में अश्लील बातें किए जाने की शिकायत करने आ रहे युवक को दबंगों ने समझौता के बहाने बुलाकर पीटा, रुपए और मोबाइल भी छीनकर ले गए। युवक ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है।

कस्बे के वार्ड बहोरनगला के रहने वाले युवक द्वारा पुलिस को दी तहरीर में देशनगर के रहने वाले एक मजदूर पर अपनी पत्नी के वारे में अश्लील बातें करने का आरोप लगाया है। बताया कि जव उसने इसका विरोध किया तो वस्ती के लोगों ने उसे शान्त करा दिया। आरा. प है कि उक्त मजदूर ने शाम को फिर इसी तरह की गन्दी बातें की जिस पर उसने डायल 112 का फोन किया जव पुलिस पहुंची तो आरोपी युवक फरार हो गया था। डायल 112 पुलिस ने थाने आकर घटना की तहरीर देने की वात कही जिस पर वह बुधवार को दोपहर के समय कोतवाली आ रहा था तभी उसे समझौता कराए जाने के बहाने ग्राम रिछोला किफायतुल्ला बुलाया गया, जव वहां वह पहुंचा तो वहां पहले से ही बैठे आरोपी और उसके 3-4 साथियों ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा, आरोप है कि दबंग उसकी जेव में रखे 45 हजार रुपए और मोबाइल भी छीनकर ले गए। घटना की आज तहरीर पुलिस को दी गई है। समाचार लिखे जाने तक न तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है और न ही किसी दबंग को पकड़ने की को. शिश की है।

## हनी बॉक्स एवं सम्बन्धित टूल किट्स वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ द्वारा सामान्य पिछड़ा वर्ग के उत्पाद विकास, मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में हनी बॉक्स एवं सम्बन्धित टूल किट्स का वितरण किया जाएगा। इसके लिए जनपद में लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि शहद उत्पादन कार्य में रुचि रखने वाले बेरोजगार एवं इस कार्य में प्रशिक्षित व्यक्तियों को 05 दिवसीय गुणवत्तापरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत चयनित लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 05-05 हनी बॉक्स तथा सम्बन्धित टूल किट्स वितरित किए जाएंगे। यह योजना केवल ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए लागू होगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि लाभार्थियों का चयन जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा स्कोर कार्ड के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, आयु/जन्मतिथि प्रमाण पत्र (18 से 50 वर्ष), जाति प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, राशन कार्ड संख्या या परिवार आईडी तथा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होंगे। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र आवश्यक अभिलेखों सहित 10 जून 2026 सायं 5 बजे तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बरेली में जमा किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष संख्या 0581-2567395 पर संपर्क किया जा सकता है।

# स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज में मेधावियों का हुआ सम्मान समारोह

**सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज में आज बृहस्पतिवार को हाइस्कूल एवं इण्टर के मेधावी छात्र,छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रबंधक एवं कॉलेज स्टाफ के हाथों सम्मान, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट, सम्मान पाकर मेधावी छात्र ,छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

बताते चलें कि स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज मानपुर में हाइस्कूल एवं इंटरमीडिएट में इस वर्ष भी शानदार रिजल्ट रहा। शानदार सफलता मिलने से गदगद हुए प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह ने आज सम्मान समारोह आयोजित करके टॉपर एवं 70 प्रतिशत अंक पाने वाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। कार्यक्रम में ऐनडी एकेडमी के प्रधानाचार्य अजीत यादव, स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज के प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह, प्रधानाचार्य अनुराग पाराशरी, वीके पटेल, स्वामी सोमनाथ इण्टर कालेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह, ऐनडी एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर गजेय सिंह के अलावा अन्य शिक्षक स्टाफ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान दुर्गा प्रसाद ने की एवं संचालन अवधेश शर्मा ने किया।

### क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधानों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई

कार्यक्रम में प्रधान दुर्गा प्रसाद,भरपूर सिंह,भूपेंद्र गंगवार,बबलू उर्फ टीकाराम, तय्यब अली खान, जाहिद खान, सलीम खान, प्रताप सिंह, देवेंद्र, आनंद प्रकाश शामिल रहे। इसके अलावा इलाके के अन्य तमाम गणमान्य लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई मेधावियों के परिजनों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### कार्यक्रम में 19 टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया गया

कालेज में टॉपर रही एवं 70 फीसदी अंक लाने बाली छात्राओं को शामिल किया गया था जिसमें गौरी पुत्री देवेंद्र कुमार कालेज टॉपर रही तो तासिया रहमान पुत्री डाक्टर बहीदुल रहमान कालेज मे सेकंड टॉपर रही।

स्वीटी सिंह तीसरे एवं गुड़िया कुमारी चौथे मुस्कान पांचवे एवं कासिफा छठे स्थान पर रही। इसके अलावा नीतू , तानिया, कशिश, अनमोल, स्वाति, पारुल, शालू, स्वाति, ज्योति, मनीषा, शीतल, प्रियंका, रीफा सभी को सम्मानित किया गया इसके अलावा मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम सफल रहा प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह ने सभी का आभार जताया।

# लाल फाटक फ्लाईओवर पर सीएनजी कैप्सूल से गैस रिसाव, चालक की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**20 मिनट तक रुका यातायात, फ्लाईओवर पर मची अफरा-तफरी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** लाल फाटक फ्लाईओवर पर गुरुवार सुबह सीएनजी कैप्सूल से भरे एक कैंटर में गैस रिसाव होने से अफरातफरी मच गई। तेज आवाज के साथ गैस निकलती देख राहगीरों और वाहन चालकों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और एहतियातन फ्लाईओवर पर यातायात रोक दिया गया। करीब 20 मिनट बाद गैस रिसाव पर काबू पाया जा सका, जिसके बाद यातायात दोबारा सुचारू हुआ। राहत की बात रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार बदायूं जिले के कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव सिगोही निवासी चालक कृपाल शाहजहांपुर के पिपरौला प्लांट से सीएनजी लोड कर बदायूं स्थित हमीदी पेट्रोल पंप की ओर जा रहा था। सुबह करीब सवा दस बजे जब कैंटर लालफाटक फ्लाईओवर पर पहुंचा तो चालक को गैस रिसाव का आभास हुआ। उसने तुरंत वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और पुलिस व संबंधित कंपनी को सूचना दे दी।

सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर क्राइम भारत सिंह ने टीम के साथ फ्लाईओवर खाली कराया और आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर भेज दिया। एहतियातन दोनों ओर का यातायात रोक. कर डायवर्ट किया गया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान लोग भय के चलते फ्लाईओवर से दूर भागते नजर आए और पुलिसकर्मी लगातार लोगों से वाहन बंद रखने व दूरी बनाए रखने की अपील करते रहे।

कुछ देर बाद कंपनी की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद गैस रिसाव को नियंत्रित किया गया। गैस का दबाव कम होने पर हालात सामान्य हो सके। यातायात बंद होने से भीषण गर्मी में राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गैस रिसाव के दौरान फ्लाईओवर पर कुछ समय के लिए सन्नाटा जैसा माहौल बन गया था। लालफाटक क्षेत्र शहर का व्यस्ततम इलाका माना जाता है, जहां दिनभर वाहनों का भारी दबाव रहता है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कैंट क्षेत्र में अक्षर विहार पार्क के पास सीएनजी कैप्सूल से गैस रिसाव की घटना सामने आ चुकी है। उस समय भी पुलिस और तकनीकी टीम ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया था।

# भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद: फरमान

**प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से बचने की अपील**
**सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो साझा न करने की दी सलाह**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से जुड़े 107 वर्ष पुराने संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान ने ईद-उल-अजहा को लेकर मुसलमानों से शरई और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष ईद-उल-अजहा 28 मई, गुरुवार को मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि ईद की नमाज सुबह 6 बजे से 10:30 बजे तक अदा की जाएगी, जिसके बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होगा। कुर्बानी का समय 28 मई सूर्योदय से शुरू होकर 30 मई सूर्यास्त तक रहेगा।

फरमान मियां ने कहा कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाने वाला अहम पर्व है। उन्होंने कहा कि हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर कुर्बानी वाजिब है और इसे शरई तरीके से अदा किया जाना चाहिए। उन्होंने खास तौर पर अपील की कि कुर्बानी खुले या सार्वजनिक स्थानों पर न करें, बल्कि बंद और निर्धारित जगहों पर ही करें। साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी हाल में न की जाए। उन्होंने कहा कि जानवरों के अपशिष्ट पदार्थों को गड्ढा खोदकर जमीन में दफन किया जाए तथा इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि खून नालियों और सड़कों पर न बहे। फरमान मियां ने लोगों से यह भी अपील की कि जानवरों की तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें और अपने हमवतन भाइयों की भावनाओं का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने बताया कि इस्लामी माह जिलहिज्जा की 10, 11 और 12 तारीखें कुर्बानी के लिए निर्धारित हैं। छोटे जानवर जैसे बकरा, भेड़ और दुम्बा एक व्यक्ति की ओर से कुर्बान किए जाते हैं, जबकि बड़े जानवर में अधिकतम सात लोग हिस्सेदारी कर सकते हैं।

# कन्हा श्याम मंडप के रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग

## अग्निकांड में 10 लाख से ज्यादा नुकसान की आशंका, कर्मचारियों और संचालकों के उतरे चेहरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नेशनल हाईवे स्थित कन्हा श्याम मंडप में गुरुवार तड़के भीषण अग्निकांड से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब साढ़े पांच बजे मंडप के रेस्टोरेंट में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और आसमान में उठता धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा। सूचना मिलते ही आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि रेस्टोरेंट के अंदर रखा फर्नीचर, फ्रिज, एसी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सजावटी सामान और अन्य सामग्री कुछ ही देर में जलकर राख हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के आगे सभी प्रयास नाकाम साबित हुए। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मंडप संचालक विक्रम सिंह ने बताया कि आग से करीब 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है। घटना के बाद मंडप परिसर में चारों ओर जले हुए सामान और टूटे फर्नीचर का मंजर दिखाई देता रहा। कर्मचारियों और संचालकों के चेहरे पर मायूसी साफ नजर आई। फायर विभाग के अधिक.ारी सचिन बालियान ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि विभाग की टीम तकनीकी जांच कर रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद



ही आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने बताया कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, अन्यथा आग मंडप के अन्य हिस्सों तक पहुंच सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं पिलखुवा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेज दी गई थी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कराया और दमकल कर्मियों को राहत कार्य में सहयोग दिया। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। क्षेत्र के व्यापारियों ने प्रशासन से होटल, रेस्टोरेंट और मंडपों में अग्नि सुरक्षा मानकों की सख्ती से जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## जनसुनवाई में गूंजे बिजली, जलभराव और अवैध खनन के मुद्दे, डीएम ने अफसरों को लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार सुबह आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से पहुंचे फरियादियों ने बिजली संकट, जलभराव, आयुष्मान कार्ड और अवैध खनन जैसी समस्याओं को जिलाधिकारी कविता मीना के सामने रखा। सुबह 10 बजे से शुरू हुई जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं।

जनसुनवाई के दौरान कई ग्रामीणों ने मोहल्लों और गांवों में जलभराव की समस्या बताते हुए नालों की सफाई न होने की शिकायत की, वहीं कुछ लोगों ने बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों को लेकर नाराजगी जताई। आयुष्मान कार्ड बनने में हो रही देरी और अवैध खनन से संबंधित शिकायतें भी जिला. धिकारी के समक्ष पहुंचीं। जिला. धिकारी कविता मीना ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि मौके पर जाकर समस्याओं का स्थायी समाधान कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बकरीद को लेकर प्रशासन की तैयारी, संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी कविता मीना एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बकरीद पर कुर्बानी केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही की जाएगी। खुले स्थानों, सड़कों और सार्वजनिक क्षेत्रों में कुर्बानी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। गोवंशीय पशुओं की कुर्बानी पर सख्ती से रोक लगाई गई है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ



कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

प्रशासन की ओर से सभी समुदायों के धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। नगर पालिका परिषद हापुड़, पिलखुवा और गढ़मुक्तेश्वर को साफ-सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। कुर्बानी के बाद अवशेषों के निस्तारण के लिए विशेष टीमें गठित की जाएंगी, ताकि शहर में स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचें। किसी भी आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा गया है।

## आईपीएल पर ऑनलाइन सट्टा चला रहे दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबा.चकर अवैध कारोबार का खुला.सा किया है। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में नकदी, मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद होने से पुलिस को बड़े नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका है।

नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि आनंद विहार क्षेत्र में बिजलीघर के समीप कुछ लोग मोबाइल एप के जरिए आईपीएल मैच पर दांव लगवा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने देर रात मौके पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई, लेकिन दो आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान निखिल गोयल निवासी नई शिवपुरी और सौरभ आनंद निवासी आवास विकास कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी मोबाइल एप के माध्यम से लोगों से रुपये लगवाकर मैच में हार-जीत का खेल चला रहे थे। बताया गया कि आरोपी मुंबई टीम की जीत पर बड़े दांव लगवा रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छह मोबा.इल फोन, एक सैमसंग टैबलेट और एक लाख 30 हजार 430 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बरामद मोबाइल और टैबलेट की तकनीकी जांच कराई जा रही है, ताकि सट्टेबाजी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क का पता लगाया जा सके। थाना प्रभारी का कहना है कि आईपीएल सीजन के दौरान जिले में ऑनलाइन सट्टेबाजी की गति.विधियां बढ़ जाती हैं, जिस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। हाल के दिनों में पुलिस कई सटोरियों को गिरफ्तार कर चुकी है और अब पूरे नेटवर्क पर शि.कंजा कसने की तैयारी की जा रही है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## भीषण गर्मी में बिजली संकट पर भड़के लोग, बिजली घर का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच बिजली संकट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार देर रात फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कॉलोनियों के लोग दिल्ली रोड स्थित बिजली घर पहुंच गए और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो गई।

बताया गया कि पिछले कई दिनों से शहर के विभिन्न इलाकों में घंटों बिजली कटौती हो रही है। देर रात भी बिजली आपूर्ति बाधित होने पर लोग घरों से बाहर निकल आए और सीधे बिजली घर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर लाप.रवाही का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी में लगातार बिजली गायब रहने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है और लो-वोल्टेज के कारण कूलर, पंखे व अन्य उपकरण भी सही तरीके से नहीं चल पा रहे हैं। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब गुस्साए लोगों ने दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने में जुट गई। पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाकर सड़क से हटाया और काफी मशक्कत के बाद जाम



खुलवाया।

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तकनीकी दिक्कतों का हवाला देते हुए जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## 15 लाख की सड़क चार महीने में उखड़ी, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कृष्णागंज स्थित वैरायटी स्वीट्स वाली गली में करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनी सड़क महज चार महीने में ही उखड़ने लगी है। सड़क टूटने से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। लोगों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाए जाने का आरोप लगाते हुए नगर पालिका और ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क निर्माण के समय से ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर आशंकाएं जताई जा रही थीं। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब सड़क जगह-जगह से टूट रही है और गिट्टियां निकलने लगी हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो बारिश के मौसम में हालात और खराब हो सकते हैं।

क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया।

जल्दबाजी में निर्माण कार्य पूरा कर भुगतान करा लिया गया। लोगों का कहना है कि सरकारी धन से बने विकास कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही गंभीर मामला है। मामले को लेकर नगर पालिका परिषद की निगरानी व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है। लोगों का कहना है कि यदि अधिकारियों ने निर्माण



कार्य की सही तरीके से मॉनिटरिंग की होती तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती। यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत का कार्य भी शुरू करा दिया गया है।

## जुए के अड्डे पर हापुड़ पुलिस का छापा, चार सटोरिये गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अपराध और जुआ-सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरो.पितों के कब्जे से नकदी और ताश के पत्ते बरामद किए हैं। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर प्रभारी के निर्देशन में टीम द्वारा मोदीनगर रोड स्थित शमशान घाट वाले रास्ते के पास संदिग्ध गति.विधियों की सूचना पर छापेमारी की गई। मौके पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर चारों आरोपितों को मौके से पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान आदर्श नगर कॉलोनी निवासी रिंकू कुमार पुत्र महिपाल सिंह, आकाश पुत्र सुभाष चंद, रोहित पुत्र हरवीर सिंह तथा हरद्वारी नगर निवासी विकास कुमार उर्फ पिंटू पुत्र सूरज सिंह के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उनके पास से 4 हजार 290 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने सभी आरो.पितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना हापुड़ नगर पुलिस का कहना है कि जनपद में जुआ-सट्टा और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संगठन विस्तारः विनोद तोमर प्रदेश महामंत्री व इस्लाम अल्वी बने प्रदेश संगठन मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की मूल भावना को आगे बढ़ाते हुए भारतीय पसमांदा मंच (भाजपा समर्पित संगठन) में व्यापक स्तर पर संगठन का विस्तार किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमर सिद्दीकी साहब के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर समाज के विभिन्न वर्गों के लोग लगातार संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

इसी राष्ट्रव्यापी मुहिम के तहत संगठन में दो बड़ी नियुक्तियां की गई हैं। विनोद तोमर को प्रदेश महामंत्री तथा बागपत निवासी इस्लाम अल्वी को प्रदेश संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस पूरे सांगठनिक विस्तार और नई जॉइनिंग को धरातल पर सफल बनाने में भारतीय पसमांदा मंच के राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी इरशाद मलिक की अत्यंत अहम और सराहनीय भूमिका रही। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपते हुए गहरा विश्वास जताया है कि वे अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, सांगठनिक कौशल और दूरदर्शिता से मंच को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।



विनोद तोमर, प्रदेश महामंत्री



इसलाम अल्वी प्र.संगठन मंत्री

साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प को और मजबूत करेंगे। इस घोषणा के बाद से ही संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। सभी ने दोनों नवनियुक्त नेताओं को शीर्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एक नजर

## नरहौली उपद्रव में दर्ज हुई तीन एफआईआर, क्राइम ब्रांच करेगी जांच

eFkjkA बुधवार की रात को थाना हाईवे क्षेत्र के गांव नरहौली में बारात चढ़ने के दौरान हुए उपद्रव हो गया। इस दौरान जमकर पथराव हुआ। एक बार पुलिसकर्मियों को भी भाग कर खुद को बचाना पडा। पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारियों को हालात पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पडी। 10 थानों का फोर्स मौके रात में ही मौके पर बुला लिया गया था। घटना को लेकर अलग अलग पक्षों से अलग अलग दावे किये जा रहे हैं। उपद्रव की शुरूआत उस समय हुई जब गांव में आई दो बेटियों की बारात की घुड़चढ़ी हो रही थी। इसी दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक तरफ ग्रामीणों का एक पक्ष वहीं दूसरी ओर बाराती व बारात वाले घर का एक पक्ष था। इस दौरान एक वृद्धा सहित कुछ लोगों को भी चोट आई हैं। इस दौरान मथुरा भरतपुर मार्ग पर दहशत का माहौल बन गया। वाहन सडक पर ही पथराव में फंस गये। दोनों और लम्बा जाम लग गया था। घटना से जुड़े वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वायरल वीडियो और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगल रही है और पथराव में शामिल लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। थाना हाईवे पर दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। दोनों तहरीरों पर मुकदमा कायम किया गया है। एक एफआईआर पुलिस की ओर से कराई गयी है। तीनों तहरीर की विवेचना क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। जिससे किया घटना की निष्पक्ष विवेचना हो सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सके। एसएसपी श्लोक कुमार ने अपनी ओर जारी की गई बाइट में कहा है कि थाना हाईवे क्षेत्रान्तर्गत एक बारात जा रही थी जिसमें कुछ कहासुनी हुई और उसी के क्रम में पास में एक दुकान थी जिसमें कि दुकान वाले से विवाद हो गया और दुकान में तोड़फोड़ की घटना हुई और इसके बाद दोनों पक्षों के बीच में पथराव भी हुआ। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक न्यूनतम पुलिस बल प्रयोग करते हुए शांति व्यवस्था स्थापित की गई। जिसके उपरांत जो शादी का कार्यक्रम था उसको सकुशल संपन्न कराया गया। इस घटनाक्रम में एक महिला जो कि दुकानदार पक्ष की थी, 70 वर्षीय वृद्ध महिला हैं के चोट भी आई है जिनको इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वर्तमान में उनकी स्थिति स्थिर है फिर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। इस पूरे प्रकरण में दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीरों के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किये जा रहे है। साथ ही साथ पुलिस की तरफ से जो लोग भी पत्थरबाजी में सम्मिलित थे उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मौके से कई सीसीटीवी फुटेज और कई मोबाइल से बनाए गए वीडियो प्राप्त हुए जिनको साक्ष्य के रूप में एकत्रित किया गया है तथा उन्हें विवेचना का हिस्सा बनाया जा रहा है। घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए तीनों विवेचनाओं को क्राइम ब्रान्च से कराया जा रहा है और जो भी तथ्य प्रकाश में आते हैं उसके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## गर्मी में हाईवे पर धूंधूं कर जला तारकोल से भरा ट्रक

eFkjkA थाना जैत क्षेत्र के अंतर्गत आझई फ्लाईओवर पर उस समय हड़कंप मच गया, जब मथुरा से दिल्ली की ओर जा रहे एक तारकोल से भरे चलते ट्रक में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गनीमत रही कि आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाई और ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। राहगीरों ने भी फुर्ती दिखाते हुए ट्रक के केबिन में रखा जरूरी सामान सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही सबसे पहले जीएलए यूनिवर्सिटी की फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। ट्रक में लगी आग इतनी भीषण थी कि दमकल की गाड़ी को चार बार रिफिल करना पड़ा। वहीं, घटना के करीब आधे घंटे बाद सरकारी फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई।



दमकल कर्मियों की करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। फायर ऑफिसर प्रमेन्द्र और नरेश ने बताया कि गाड़ी को चार बार रिफिल कर आग को शांत किया गया।

## एक बार फिर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर आया हैः बीएसए

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA बीएसए रतन कीर्ति ने कहा कि एक बार फिर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर आया है। जनगणना के अंतर्गत मकान सूचीकरण का महत्वपूर्ण कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है और एक बार फिर हम सभी को अपने विद्यालयों से निकलकर समाज और राष्ट्र के बीच अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए फील्ड में उतरना है।

कभी कभी मैं सोचती हूं कि आखिर शासन ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एक शिक्षक को ही क्यों चुनता है? क्योंकि शिक्षक केवल किताबों के पन्ने नहीं पढ़ाता, वह समाज की नब्ज को



समझता है। वह केवल बच्चों का भविष्य नहीं बनाता, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण दायित्वों को भी अपने कंधों पर उठाने का साहस रखता है। जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, यह आने वाले भारत की तस्वीर तैयार करने का कार्य है। इसमें भरे गए प्रत्येक तथ्य से भविष्य की योजनाएँ, विकास और करोड़ों लोगों से जुड़े निर्णय तय होते हैं। मुझे आज भी गर्व के साथ याद है कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य को मथुरा ने रिकॉर्ड समय में पूरा किया था। और यह कहने में मुझे कोई संकोच नहीं है कि उस सफलता के पीछे सबसे मजबूत शक्ति हमारा शिक्षक समाज था। आप सभी ने अपने समर्पण, अनुशासन और अथक परिश्रम से न केवल कार्य पूरा किया था, बल्कि मेरा और हमारे बेसिक शिक्षा विभाग का नाम भी गर्व से ऊँचा किया था।

# हाईवे पर हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव खजूरवाला के निकट हाईवे पर सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। जबकि चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मुजफ्फरनगर जनपद के गांव कव्वाल निवासी चार युवक छोटा हाथी वाहन संख्या UP 15 GT 4047 में भैंस लेकर गागलहेड़ी क्षेत्र स्थित हरोड़ा फैक्ट्री जा रहे थे। बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे गांव खजूरवाला के निकट हाईवे पर बने पुल के पास वाहन का टायर अचानक पंचर हो गया। इसके बाद चालक अरशद और शौकीन टायर ठीक कराने के लिए चले गए, जबकि हसरत और जमालू डिवाइडर पर लगे पेड़ों की छाया में बैठ गए।

इसी दौरान मुजफ्फरनगर की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक ने सड़क किनारे खड़े छोटा हाथी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही छोटा हाथी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा पलटा और वहां बैठे दोनों युवक उसकी चपेट में आ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।



# आईआईएमटी में मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में सीबीएसई के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हे अंगवस्त्र व सम्मान प्रतीक चिह्न देकर अभिनन्दित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ एस सी कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह समय छात्रों के लिए उनके करियर का चुनाव करने का समय है तथा सही करियर का चुनाव ही उनका भविष्य निर्माण करेगा। उन्होंने छात्रों को सफलता के आठ नियमों के बारे में विस्तार से बताया। संस्था की ग्रुप निदेशक डॉ अंजू वालिया ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सम्मान समारोह छात्रों की उपलब्धियां का उत्सव है लेकिन इसके पीछे छिपी वर्षों की मेहनत और समर्पण को भी नमन करने का अवसर है, इसलिए इंद्रप्रस्थ संस्थान हमेशा से ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने, संवारने और प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहा है क्योंकि हमारा उद्देश्य केवल शैक्षिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है हम चाहते हैं कि हमारे छात्र विचारशील नागरिक बने जो समाज को दिशा दे सके।

कार्यक्रम में आशुतोष गुप्ता व डॉ कमल कृष्ण ने भी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन डॉ नेहा त्यागी व ज्योति भारद्वाज ने किया।

कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक व संस्था का स्टाफ उपस्थित रहा।

# एक्सईएन को समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर ने बिजली कट सहित अन्य समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विद्युत विभाग एक एक्सईएन को सौंप कर समस्याओं के समाधान की माँग की है।

भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर कार्यकर्ताओं के साथ एक्सईएन कार्यालय पहुँचे।उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विद्युत विभाग के कुछ कर्मचारी लाप. रवाही कर रहे हैं जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।कई कर्मचारी कॉल भी रिसीव नहीं करते। इस्लामनगर और जानखेड़ा फीडर पर एक ही जेई की तैनाती होने के कारण भी समस्याएं हो रही हैं।बाद में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एक्सईएन को सौंप कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की माँग की। एक्सईएन विजय कुमार ने शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान मांगेराम, अरुण कुमार, महबूब प्रधान, सतीश कुमार, युवराज,अनिल कुमार, विजयपाल,संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोर दबोचा

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने बेरीतगा के शिव मंदिर के दान पात्र व कस्बे में सीमेंट की दुकान के गल्ले से नगदी चोरी करने वाले चोर को दबोचा।

जानकारी देते हुए एसओ धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने कैलाशपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से रहमान पुत्र वहीद निवासी पाली को संदिग्ध परिस्थितियों में दबोचा, तलाशी में रहमान की जेब से लगभग साढ़े छह हजार रुपये बरामद हुए। थाने लाकर पूछताछ में रहमान ने पुलिस को बताया कि उसने बेरीतगा गांव के शिव मंदिर व मु नगर रोड स्थित सीमेंट व्यापारी के गल्ले से चोरी किये जान स्वीकार किया। पुलिस ने चोर को जेल भेजा है।

# शॉर्टकट के चक्कर में ट्रक ने 10 साल के मासूम को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नो एंट्री की पाबंदी से बचने और शॉर्टकट अपनाने की ट्रक चालकों की जानलेवा जिद ने आखिर एक मासूम को अपनी चपेट में ले ही लिया। थाना फतेहपुर क्षेत्र के अंतर्गत अलावलपुर रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने 10 साल के मासूम बच्चे अशद को बुरी तरह रौंद दिया। हादसे में बच्चे की दोनों टांगें ट्रक के पहिए के नीचे आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल मासूम अशद पुत्र गालिब अलावलपुर रोड का रहने वाला है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि हाईवे पर नो एंट्री से बचने के चक्कर में भारी ट्रक चालक फतेहपुर सरकारी अस्पताल के पीछे मौजूद गांव के बेहद संकरे रास्ते से होकर रोज गुजरते हैं। संकरा और रिहायशी रास्ता होने के बावजूद इन भारी ट्रकों की रफ्तार पर कोई लगाम नहीं होती, जो लगातार बड़े हादसों को दावत दे रहे थे और आखिरकार बृहस्पतिवार की दोपहर को इस लापरवाही ने एक मासूम को जिंदगी और मौत के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने अस्पताल के पीछे वाले इस संकरे रास्ते से ट्रकों के अवैध संचालन पर समय रहते सख्त कदम उठाए होते, तो आज यह मासूम इस हालत में न होता।

# जनगणना किट न लेने वाले प्रगणकों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनगणना 2027 के लिए नियुक्त किए गए जिन प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने जनगणना के लिए अपनी किट व नियुक्ति पत्र नहीं लिए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उनके विभागों को पत्र भेजे गए हैं। लगभग एक सौ प्रगणकों द्वारा किट प्राप्त नहीं की गयी है।



उल्लेखनीय है कि जनगणना -2027 के प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून तक भवनों का सूचीकरण किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम में गत 19 मई से जनगणना के लिए नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को किट वितरित की जा रही थी। जोन दो की चार्ज अधिकारी/निगम की कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी ने बताया कि जनगणना के लिए 223 पर्यवेक्षक व 1383 प्रगणक नियुक्त किये गए है। उन्होंने बताया कि एक-आध को छोड़कर लगभग सभी पर्यवेक्षकों द्वारा अपनी किट व नियुक्ति पत्र प्राप्त कर लिए गए हैं लेकिन करीब एक सौ प्रगणकों द्वारा अभी तक किट प्राप्त नहीं की गयी है। उन्होंने बताया कि जिन प्रगणकों ने अपनी किट व नियुक्ति पत्र नहीं लिए हैं उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सम्बंधित विभागों को पत्र भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रगणकों में अधिकांशत: पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी व बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बंधित प्रगणक शामिल है। चार्ज अधिकारी ने बताया कि कल 22 मई से प्रगणक घर-घर जाकर भवनों का सूचीकरण करेंगे। उन्होंने लोगों से प्रगणकों को सहयोग देने की अपील की, साथ ही कहा कि किसी को भी अपना कोई भी गोपनीय दस्तावेज, आधार कार्ड व पैन कार्ड दिखाने या देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने स्व-गणना की है वह प्रगणकों के घर पहुंचने पर स्वगणना के दौरान मिली आई डी भी प्रगणकों को उपलब्ध कराएं।

## करंट से नीलगाय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** खेतों में बिजली लाइनों के रूप में लटकती मौत, नीलगाय की दर्दनाक मौत से ग्रामीणों में रोष।

थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम घघोंड के समीप शाहजहांपुर नकुड़ मार्ग पर ग्राम बहलोलपुर निवासी ठेकेदार किसान प्रदीप कुमार का खेत है जिसके खेत के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजर रही यह जर्जर बिजली लाइन एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। खेत में जमीन से करीब चार फीट ऊपर लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक नीलगाय की दर्दनाक मौत हो गई। किसान नितिन ,महफूज आदि का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते अब बेजुबान जानवरों की जान जा रही है।

# शरबत पिलाकर राहगीरों की बुझाई प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान राहगीरों को राहत देने के लिए कस्बे मे बेहट बार एसोशिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने छबील लगाया और शरबत पिलाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।



कस्बे के तहसील के मुख्य द्वार पर कस्बे के अधिवक्ताओं ने छबील लगाया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अब्दुर रहमान उर्फ शालू भैय्या तथा पूर्व बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर प्रदीप राणा ने कहा कि इन दिनों कड़क धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान है। खासतौर पर सफर करने वाले राहगीरों को धूप और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलवाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। हमे ऐसे कामों में बढ़चढकर भागीदारी निभानी चाहिए आज राहगीरों को गर्मी से राहत देने और उनकी प्यास बुझाने के लिए छबील लगाया गया जिसमे तहसील के अधिवक्ताओं ने मिलकर राहगीरों की बाईके, कारे, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रालियों, आटो और बसों को रुकवाकर लोगो को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर शाहवेज आलम, सुनील सैनी, पवन सिंह दिनेश कांबोज, मोहन सैनी, रिजवान अहमद, बंसीलाल आदि मौजूद रहे।

# हाईवें पर हुड़दंग मचाते युवक धरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** दिल्ली-देहराद. ून हाईवे पर आज उस समय हड़कंप मच गया, जब गाड़ी का हॉर्न बजाने की मामूली सी बात को लेकर कुछ युवकों ने बीच सड़क पर जमकर उत्पाद मचाया। चमारीखेड़ा पुलिस चौकी के पास हुए इस हंगामे और गाली-गलौज के कारण हाईवे की शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग हो गई और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना फतेहपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा की टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर घेराबंदी की और बीच सड़क पर तांडव कर रहे दिल्ली के 5 रईसजादों को दबोच लिया। पुलिस की गिरफ्त में आए इन हुड़दंगियों की पहचान दिल्ली के न्यू अशोक विहार निवासी रिवज, देव, रोहित, कृष्णा नगर निवासी गुरूनन्द तिवारी और न्यू अशोक नगर निवासी निखिल के रूप में हुई है, जिन्हें पुलिस ने बीएनएसएस (ठछै) की धारा 170, 126 और 135 के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस कस्टडी में आते ही हाईवे पर सीना तानने वाले इन लड़कों की सारी हेकड़ी धरी की धरी रह गई और ये पुलिसकर्मियों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगे। पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने रोते हुए कहा कि साहब हमसे बहुत बड़ी गलती हो गई है, हमें इस बार माफ कर दो, आगे से कभी ऐसा काम या हुड़दंग नहीं करेंगे।

# ईमानदारी की मिसाल बने अफ्फान अंसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने ईमानदारी व इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। तहसील परिसर में गिरी 29,500 रुपये की नकदी उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर उन्होंने न केवल मानवता का परिचय दिया, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया है।



बतादें कि अंबेहटा के मौहल्ला इमामियान निवासी एवं एसआर जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक मा. कदीर पुत्र अल्ला बन्दा गत 13 अप्रैल को अपने निजी कार्य से नकुड़ तहसील आए थे। इसी दौरान उनकी जेब से 500-500 रुपये के 59 नोटों की गड्डी कहीं गिर गई। काफी देर बाद जब उन्हें रकम गायब होने का एहसास हुआ तो उन्होंने तहसील परिसर और आसपास काफी तलाश की लेकिन रुपये नहीं मिले। उधर तहसील परिसर से गुजर रहे अधिवक्ता अफ्फान अंसारी को रास्ते में नोटों की गड्डी पड़ी मिली। इतनी बड़ी रकम मिलने के बावजूद उन्होंने उसे अपने पास सुरक्षित रखा और उसके असली मालिक की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने साथी अधिवक्ताओं को जानकारी देने के साथ सोशल मीडिया व विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से भी सूचना प्रसारित कराई ताकि रकम उसके मालिक तक पहुंच सके। बुधवार को मा. कदीर तहसील पहुंचे तथा अधिवक्ता संघ के समक्ष अपनी गुम हुई रकम के संबंध में जानकारी दी। पूछताछ और पहचान की पुष्टि होने के बाद अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने पूरी रकम उन्हें सौंप दी। इस मौके पर अधिवक्ता अफ्फान अंसारी ने कहा कि जब से उन्हें यह रकम मिली थी, तब से वह उसके वास्तविक मालिक को तलाशने को लेकर बेचौन थे। इस दौरान अधिवक्ता मोहर सिंह, महिपाल, इंद्रेश त्यागी, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह, भरत सिंह, प्रदीप वर्मा तथा पूर्व पालिका अध्यक्ष धनीराम सैनी मौजूद रहे।

# टोल कर्मियों से मारपीट

**गागलहेड़ी।** स्टेट हाईवे स्थित कोलकी टोल प्लाजा पर तैनात टोलकर्मी ने बगैर टोल टैक्स अदा किए जाने से मना किया तो दर्जन से अधिक युवको ने टोलकर्मी को मारपीट घायल किया। टोल मैनेजर ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कोलकी टोल के असिस्टेंट टोल मैनेजर शारदा प्रसाद पांडे ने बताया कि बुधवार रात्रि करीब 8:30 बजे गागलहेड़ी की ओर से कारों का काफिला आकर आउट लाइन पर रुका। अगली दो कारों में सवार दर्जन भर युवक टोलकर्मी कोशैलेंद्र के पास पहुंचे व किसी युवक से बात करने के लिए कहने लगे। टोलकर्मी ने किसी से भी बात करने से इनकार करते हुए बगैर टोल टैक्स दिए निकलने से साफ मना किया तो युवक आगब. बूला हो गए व टोलकर्मी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल टोलकर्मी को हरोडा सीएचसी भर्ती कराया जहां से गम्भीर हालत देखते हुए टोल कर्मी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

**सूचना**

मेरे दसवी कक्षा के शैक्षिक दस्तावेजों में मेरा, मेरे पिता और मेरी माता का नाम गलती से हम्माद अहमद, शबीना कौसर और नौशाद अहमद लिखा गया है। जबकि मेरा, मेरे पिता और मेरी माता का वास्तविक नाम हम्माद, शबीना और नौशाद है।

**हम्माद पुत्र नौशाद निवासी पीरवाली गली नम्बर 1, इब्राहिमाबाद, सहारनपुर।**

# शांतिपूर्वक मनाएं त्यौहार: रूचि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सीओ रुचि गुप्ता ने कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए शांतिपूर्वक त्यौहार मनाएँ।

ईद उल अजहा पर शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सीओ रुचि गुप्ता ने कहा दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्यौहार मनाएँ। शासन की गाइडलाइन का पालन करें। ऐसा कोई कार्य न किया जाए जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था में व्यवधान आए। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने कहा कि खुले स्थान पर कोई कुर्बानी नही की जाए।मीट को ढककर ले जाया जाए। अवशेष इधर उधर न फेंके जाएं। खून नालियों में न बहाया जाए।

शहर काजी नदीमुल हक ने कहा कि कुर्बानी हमेशा की तरह पर्दे में और एहतियात के साथ ही की जाएगी। चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि यहाँ से हमेशा अमन और एकता का पैगाम दुनिया भर में जाता है।

इस दौरान मौलाना शमशीर कासमी, एसआई ललित कुमार, रविंद्र चौधरी, आस मोहम्मद सैफी, प्रदीप बालियान, सभासद नफीस सैफी, जानी सभासद, आफताब मलिक, हाजी मंसूर, हाजी आदिल प्रधान, तारिफ प्रधान आदि मौजूद रहे।

# छुटमलपुर व बेहट में महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नारी सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को धरातल पर मजबूत करने के उद्देश्य से थाना फतेहपुर की महिला पुलिस टीम लगातार सक्रिय नजर आ रही है।

थाना फतेहपुर में तैनात महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल प्रीति और महिला रिक्रूट आरक्षी रूपाली द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और भीड़भाड़ वाले बाजारों में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिला पुलिस टीम ने सीधे बालिकाओं और महिलाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और समाज में निडर होकर रहने का हौसला दिया।

अभियान के दौरान महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर और उनकी टीम ने ने बालिकाओं को समझाया कि यदि रास्ते में, स्कूल के आसपास या बाजारों में कोई भी मनचला या शरारती तत्व उन्हें परेशान करता है, तो वे बिना डरे इन नंबरों पर तुरंत सूचित करें, जिस पर पुलिस बिना पहचान उजागर किए तत्काल कड़ी कार्रवाई करेगी।

इसके साथ ही टीम ने बाजारों में बेवजह घूम रहे



संदेहास्पद युवकों की चेकिंग कर उन्हें सख्त चेतावनी भी दी।

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा एसपी ग्रामीण मयंक वर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में , महिला उप निरीक्षक मनोरमा चौधरी, महिला हेड कांस्टेबल ललिता, महिला कांस्टेबल कोमल तथा प्रियम मे कस्बा बेहट में आने वाली महिलाओं एवं युवतियों को महिलाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं



स्वावलंबन हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 2 के तहत बालिकाओं व महिलाओं को डिजिटल एरेस्टिंग व झूठी अफवाह के बारे में समझाया गया।

बाल विवाह निषेध अभियान के बारे में बताया गया। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया गया कि अगर उनको कोई परेशान या छेड़छाड़ करता हो या फिर उनकी कोई भी समस्या हो अपने क्षेत्र के थाने मे आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए उनका शीघ्र ही निस्तारण किया जायेगा

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के सफाई कर्मचारियों और निगम अधिकारियों के बीच हुई विस्तृत वार्ता में सभी विषयों का समाधान हो जाने के बाद सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गयी है। वार्ता के दौरान कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए कहा गया कि निगम द्वारा भविष्य में लिए जाने वाले निणर्यो में कर्मचारी हितों का ध्यान रखा जायेगा।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि निगम और सफाई कर्मचारियों के बीच बुधवार की देर शाम हुई वार्ता में परस्पर समन्वय बनाते हुए निगम और कर्मचारी हितों में निर्णय लिया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगम द्वारा लागू की जाने वाली समग्र सफाई व्यवस्था को स्थगित कर पुरानी व्यवस्था को बहाल रखा गया है तथा हड़ताल समाप्त होने के बाद अब सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है।

## रूही अंजुम ने आंदोलनकारियों को बांटे फल

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता रूही अंजुम आज एक बार फिर नगर निगम पहुंची। जहां उन्होंने धरना दे रहे कर्मचारियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने धरना दे रहे कर्मचारियों को फल भी वितरित किए और उनका मनोबल बढ़ाया।

रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी कर्मचारियों की हर लड़ाई में उनके साथ खड़ी है और उनकी मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी सफाई कर्मचारियों की लड़ाई विधानसभा से लेकर सड़क तक लड़ने का काम करेगी। जब तक सरकार सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं करती, हम उनके लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने



दो टूक कहा कि हम सफाई कर्मचारी के साथ हैं और निजीकरण हम होने नहीं देंगे। सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ेगा। रूही अंजुम ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर गरीब आदमी की आवाज उठाने का काम करती है।

# विधायक आशु ने उठाए जनहित के मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की याचिका समिति एवं सिंचाई विभाग की बैठक में देहात विधायक आशु मलिक ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।



लखनऊ स्थित विधान भवन में आयोजित बैठअक में देहात विधायक आशु मलिक ने होजखेड़ी माइनर की पटरी किनारे थरोली राजबाहे से आदमपुर जाने वाले लगभग दो किलोमीटर लंबे जर्जर मार्ग के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि यह मार्ग दमकड़ी, दाबकी गुर्जर, होजखेड़ी, भाजूपुर एवं आदमपुर समेत कई गांवों का मुख्य संपर्क मार्ग है, जिससे किसान अपनी फसल एवं कृषि उपज लेकर आवागमन करते हैं। सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा विधायक ने ग्राम मलाहेड़ी क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए बने इनलेट के क्षतिग्रस्त होने का मामला भी समिति के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण पूर्वी यमुना नहर की पटरी और इनलेट टूट गए थे, जिससे गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। खेतों में पानी भरने से किसानों की फसलें खराब हो रही हैं तथा ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। विधायक ने जनहित में इनलेट निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की। बैठक में विधायक आशु मलिक ने ग्राम नलहेड़ा गाजी एवं ग्राम चंदेली में सरकारी नलकूप/ट्यूबवेल स्थापित कराने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि इन गांवों में सिंचाई के लिए पानी की भारी समस्या बनी हुई है, जिससे किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। किसानों को राहत प्रदान करने एवं सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए सरकारी ट्यूबवेल लगाए जाना अत्यंत आवश्यक है।

विधायक आशु मलिक ने कहा कि जनता की समस्याओं को सदन और शासन स्तर पर मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, किसानों की समस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यों के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। वहीं बैठक में मौजूद अधिकारियों ने जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर सकारात्मक कार्रवाई करते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# स्व. राजीव गांधी ने युवाओं को दी नई दिशा: मयंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की 35वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन करने के लिए सभी कांग्रेस के नेता एकत्रित हुए।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महासचिव महानगर कांग्रेस कमेटी मयंक शर्मा भारतीय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा केवल एक नेता नहीं थे,बल्कि आधुनिक भारत के सपनों को नई दिशा देने वाले दूरदर्शी व्यक्तित्व थे। उन्होंने उस समय भारत को तकनीक, कंप्यूटर और दूरसंचार की और आगे बढ़ाने का साहसिक निर्णय लिया,जब लोग इन चीजों की कल्पना भी नहीं करते थे।



आज देश जिस डिजिटल भारत की और बढ़ रहा है,उसकी मजबूत नींव राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने युवाओं को राजनीति और देश निर्माण से जोड़ने का कार्य किया। उन्होने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गाँव के अंतिम व्यक्ति तक लोकतंत्र की ताकत पहुँचाने का काम किया। उनका मानना था कि भारत की असली शक्ति गाँवों, किसानों, नौजवानों और आम जनता में बसती है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का व्यक्तित्व बहुत सरल, सौम्य और आधुनिक सोच वाला था। वे हमेशा देश को एकता, भाईचारे और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने देश की युवा शक्ति पर विश्वास किया और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए।

अंत में कांग्रेस नेता मयंक शर्मा भारतीय ने कहा राजीव गांधी उन्हीं महान नेताओं में से एक थे।

## बेहतर कानून व्यवस्था प्राथमिकता: ज्ञानेश्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नवांगतुक थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने थाने कि कमान संभालते हुए कहा कि अपराध पर अंकुश, बेहतर कानून व्यवस्था मेरी प्राथमिकता रहेगी।

नानौता थाने की नव नियुक्त थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने गुरुवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। नवनियुक्त थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बोद्ध ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# अंतिम वर्ष के छात्र, छात्राओं को भव्य विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन, अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति अकादमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष, कुलपति प्रोफेसर डॉ. मंजू गुप्ता एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए अंतिम वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपने प्रेरणादायी विचार साझा कर उन्हें आगे बढने के लिये प्रेरित किया।

समारोह के दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें नृत्य एवं गायन ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों को उपहार भी प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन, चीफ प्रॉक्टर, डी.एस.डब्लू सहित सभी संकाय सदस्यों एवं छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खनन से भरा ओवरलोड डम्पर सीज



**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में औचक चेकिंग के दौरान ओवरलोड उपखनिज का परिवहन करते हुए एक डम्पर को रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसे पुलिस ने तत्काल आवश्यक दस्तावेजों की कमी और ओवरलोडिंग के चलते मौके पर ही सीज कर थाना स्थानीय पर दाखिल कर दिया है और इस पूरी सफलता को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार राणा के कुशल नेतृत्व वाली टीम ने अंजाम दिया है, जिसमें उनके साथ खनन निरीक्षक/संग्रह अमीन अभिलाष चौबे, हैड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद और हैड कांस्टेबल प्रशांत कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे।

# अधिकारी डैशबोर्ड की महत्ता को समझे: डीएम

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि डैशबोर्ड की महत्ता समझते हुए अधिकारी किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें तथा समय से फोर्टल स्वयं सही फीडिंग कराने का काम करें।

जिलाधिकारी श्री चौहान आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, सीएमआईएस एवं आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड में खराब रैंकिंग वाली योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, पंचायती राज में 15वां वित्त एवं व्यक्तिगत शौचालय, पशुधन विभाग, आईसीडीएस, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होने सभी संबंधित अधिकारियों को अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी श्री चौहान ने फैमिली आई.डी. में नगरीय क्षेत्रों में खराब प्रगति पर अधिशासी अधिकारियों को वेतन रोकने के साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के वेतन रो. कने के निर्देश दिए। पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान में खराब रैंकिंग पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग में 15 वें वित्त एवं व्यक्तिगत शौचालय में खराब रैंकिंग पर, पोषण अभियान में जिला कार्यक्रम अधिकारी को, जननी सुरक्षा योजना में खराब रैंकिंग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को कार्यों में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आईजीआरएस पोर्टल पर एबीएसए मुजफ्फराबाद तथा खंड विकास अधिकारी नकुड द्वारा असंतोषजनक फीडबैक पर वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब रैंकिंग वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए रैंकिंग को बेहतर करें अन्यथा कड़ी कारवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला गन्ना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैकिंग के लिए प्रयास करें तथा जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं पोर्टल को देखें एवं केपीआई (मुख्य प्रदर्शन संकेतक) पर दृष्टि रखें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग वाले विभाग निरंतर समीक्षा कर कार्यो का फालोअप करें तथा रैकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। सीएमआईएस पोर्टल पर संबंधित विभाग द्वारा लम्बित योजनाओं एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं करने एवं पोर्टल पर समय से सही फीडिंग नहीं करने पर कड़ा रूख अपनाते हुए संबंधित अधिकारी का कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## प्रधान पिंकी ने औद्योगिक गलियारे को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सहारनपुर।** ग्राम पंचायत कपासी की प्रधान श्रीमती पिंकी ने एडीएमएफ को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि एक्सप्रेसवे कपासी एवं अन्य के समीप जनपद में औद्योगिक गलियारा विकसित करने हेतु किसानों की बेशकीमती उपजाऊ कृषि भूमि करीब एक हजार हेक्टेयर को चिन्हित कर अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ज्ञापन में कहा गया कि गांव की आबादी से औद्योगिक गलियारे का दायरा करीब 500 मीटर अनिवार्य होना चाहिये। बनने वाले औद्योगिक गलियारे के चारो ओर गुजरते हुए करीब 200 मीटर चौडाई तक प्राकृतिक वृक्षों का घने रूप से पौधारोपण अनिवार्य कराया जाये, ताकि आमजन के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे। साथ ही औद्योगिक गलियारे में जिस किसान की कृषि भूमि अधिग्रहण की जायेगी उस किसान के घर से एक सदस्य को औद्योगिक गलियारे में रोजगार दिया जाये। प्रधान ने ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत में जो सरकारी अतिरिक्त भूमि है उसे चिन्हित कर ग्राम पंचायत को सौंपा जाये। इसके अलावा भूमि का मुआवजा चार से बढाकर आठ गुणा किया जाये।

## 138 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में चल रहे स्कूल चलो अभियान की समीक्षा बैठक में कई परिषदीय विद्यालयों में छात्र नामांकन बेहद कम पाए जाने पर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। जिले के 138 ऐसे विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां छात्र संख्या पांच से भी कम है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय में स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को विद्यालय से जोड़ना शासन की प्राथमिकता है और नामांकन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि प्रगति संतोषजनक न मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आवश्यकता अनुसार सीमित रूप से करें बिजली का इस्तेमाल: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के कारण विद्युत मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। बढ़े हुए विद्युत भार के चलते बिजली व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है, जिससे कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है।

अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल के आर.एस वर्मा द्वारा समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपने घरों,कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में बिजली उपकरणों का उपयोग आवश्यकता अनुसार एवं सीमित रूप से करें। विशेष रूप से पंखे, कूलर और एयर कंडीशनर का प्रयोग संयमित तरीके से किया जाए तथा एसी का तापमान भी 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रखा जाए। उन्होंने अनावश्यक रूप से चल रहे विद्युत उपकरणों एवं लाइटों को तुरंत बंद रखने की भी अपील की। कहा कि बिजली की बचत न केवल विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहायक होगी,बल्कि ऊर्जा संरक्षण के माध्यम से राष्ट्रहित में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी,अधीक्षण अभियंता ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं के सहयोग से ही निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से जिम्मेदारीपूर्वक बिजली उपयोग करते हुए ऊर्जा संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

# कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी को अर्पित किए श्रद्धासुमन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

जिला कांग्रेस मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने राजीव जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें देश में सूचना प्रौद्योगिकी का जनक बताया। उन्होंने कहा कि राजीव जी युवाओं में देश के भविष्य को देखा और अपनी इसी दूरदर्शिता के चलते उन्होंने देश के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार प्रदान किया ।

अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव अरविंद पाल. ीवाल ने राजीव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महात्मा गांधीं जी के अहिंसा के पथ का अनुसरण वाला एक महान शांतिद. ूत बताया। जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा ने कहा कि राजीव ने असम, मिजोरम, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग आदि क्षेत्रों में हिंसा का तांडव मचाने वाले विभिन्न संगठनों के साथ शांति समझौते करके देश में आतंकवाद पर लगाम लगाने का काम किया। सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने पंजाब में शांति स्थापना हेतु राजीव-लोंगोवाल समझौते को राजीव सरकार की एक इतिहास उपलब्धि बताते हुए कहा कि इसी की बदौलत पंजाब में आतंकवाद का अंत हुआ और पंजाब एक बार पुन: पंजाब विकास के रास्ते पर अग्रसर हुआ ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शौकत हुसैन, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, आरिफ खान, वरुण शर्मा, अक्षय कुमार चौधरी, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, अनुसूि. चत जाति विभाग जिला अध्यक्ष मुनेश सहगल, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला सचिव कुणाल शांडिल्य, अमरदीप जैन, मनोज आर्य, रामपुर ब्लॉक अध्यक्ष बिटू चौधरी, सरसावा ब्लॉक अध्यक्ष गालिब चौधरी, प्रभजीत सिंह, अमरदीप जैन, चौधरी गालिब, नसीब खान, अमन कुमार, असगर आलम, रमेश कुमार, साजिद अली, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी जी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और युवाओं को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कंप्यूटर क्रांति, दूरसंचार व्यवस्था और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके कारण आज भारत विश्व स्तर पर नई पहचान बना पाया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जी का सपना एक मजबूत, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत का था तथा कांग्रेस पार्टी आज भी उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने भी सभा को संबोधित किया। सुरेंद्र कपिल ने कहा कि राजीव गांधी की नीतियां आज भी देश के विकास की आधारशिला हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, जिला सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरेशी ने भी अपने विचार सभा में रखें।

इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी हरिओम मिश्रा, अमरदीप जैन, इकराम खान, नीरज कपिल,पीसीसी सदस्य धर्मपाल जोशी, महानगर महासचिव मयंक शर्मा महानगर सेवादल अध्यक्ष अनुज शर्मा, अक्षय चौधरी, मनोज शर्मा नगर सचिव विपिन शर्मा, अमित राठौर, बरकत अंसारी, पंकज सैनी युनुस अंसारी रवि कुमार आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# वेतन न मिलने के विरोध में संविदा कर्मियों का धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने के विरोध में सीएमओ कार्यालय का घेराव किया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान वेतन नहीं तो काम नहीं और समान काम समान वेतन जैसे नारे लगाए गए।

बड़ी संख्या में स्टाफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य संविदा कर्मचारी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारी पिछले कई महीनों से वेतन न मिलने से नाराज थे। धरने का नेतृत्व कर रहे संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. किशोर सैनी ने बताया कि पिछले तीन महीनों से किसी भी एनएचएम कर्मी को वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने 18, 19 और 20 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था, लेकिन अधिकारियों की ओर से कोई समाधान नहीं निकला। अब चौथा महीना शुरू हो चुका है, जिससे कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। डॉ. सैनी ने आगे कहा कि संविदा कर्मचारियों को पहले ही कम वेतन मिलता है, और महीनों तक भुगतान न होने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने बच्चों की फीस रुकने और राशन के संकट जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थायी और संविदा कर्मचारियों के वेतन में भारी अंतर है,जबकि काम लगभग समान कराया जाता है। डॉ. सैनी ने चेतावनी दी कि जब तक वेतन जारी नहीं होगा,तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। नेहा साहू ने कहा कि कर्मचारियों को एक महीने दिन और एक महीने रात की ड्यूटी करनी पड़ती है,लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जाता। उन्होंने समान काम समान वेतन की मांग को दोहराते हुए कहा कि जब तक समय पर वेतन और अधिकार नहीं मिलेंगे, आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान विपिन सैनी, वैभाव, आदेश, डा.जगदीश, मंसूर, सचिन कांबोज, नरेन्द्र चौधरी, अभिषेक चौधरी, अर्चना रावत, रीना रावत, शशी, अफजल, प्रीति, मीना, विपिन कश्यप, सरिता फरमान, रीना आदि उपस्थित रहे।

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने पिया कीटनाशक

### उपचार के दौरान मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के गांव देहरा में पति-पत्नी के बीच कहासुनी के बाद एक विवाहिता ने कथित रूप से कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव देहरा की है। यहां रहने लेखराज की शादी एक साल पूर्व बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव चहली चहला निवासी अंजलि के साथ हुई थी। लेखराज आगरा में रहकर पानी की पाइप लाइन बिछवाने की ठेकेदारी करता है। एक-दो महीने में वह घर आता-जाता रहता है। बीते मंगलवार को ही लेखराज गांव आया था। बताया जा रहा है बुधवार शाम किसी बात को लेकर उसकी पत्नी अंजलि से कहासुनी हो गई। जिसके बाद वह घर से चला गया। इसी बात पर नाराज अंजलि ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टियां शुरू होते ही बिगड़ी हालत देख ससुराल पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि विवाहिता द्वारा कीटनाशक का सेवन किए जाने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# ताले तोड़कर लाखों की नकदी व जेवर चोरी

### चोरो ने वैल्डिंग मिस्त्री के घर को बनाया निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात, नकदी समेत घरेलू सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी अमित कुमार दिल्ली में वेल्डिंग का काम करते हैं। घटना के समय वह दिल्ली में थे। घर पर उनकी पत्नी मीनू देवी बच्चों के साथ मौजूद थीं। बताया गया कि मंगलवार रात खाना खाने के बाद मीनू देवी बच्चों के साथ छत पर सो गई थीं। इसी दौरान देर रात चोरों ने मकान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर लिया। चोरों ने घर के अंदर पहुंचकर कमरे का सेंट्रल लॉक तोड़ा और सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब नौ हजार रुपये की नकदी, लगभग 20 ग्राम सोने के आभूषण और करीब एक किलो चांदी के जेवर चोरी कर लिए। इसके अलावा घर में रखे बर्तन, कपड़े व अन्य सामान भी समेट ले गए। बुधवार तड़के मीनू देवी जब घर की सफाई के लिए नीचे उतरीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख उनके



होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान गायब था। उन्होंने तुरंत फोन कर पति अमित कुमार को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही अमित कुमार दिल्ली से घर लौट आए। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पर अमरोहा देहात पुलिस और डिडौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। गृहस्वामी अमित कुमार ने चोरी से करीब आठ लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हादसे में कार चालक और तीन हाफिज छात्रों की मौत और दो छात्रों के घायल होने के मामले में पुलिस ने कार चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है, जबकि आसपास के सीसीटीवी देखकर घटना के जिम्मेदार वाहन की तलाश भी शुरू कर दी है।

#### ■ बीते दिन हादसे में हुई थी चार की मौत

बता दें कि बीते दिन सुबह के लगभग चार बजे आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकराकर रामपुर निवासी वैगनआर कार चालक सलमान के साथ साथ पश्चिम बंगाल के मौहम्मद नसीमुल, हाशिम रजा व अशरफ रजा की मौत हो गई थी, जबकि सुन्नत और हसनैन का मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये पांचो छात्र बनारस में हाफिज की पढ़ाई करते थे और कुछ दिन पहले ही बरेली आए थे। वापस दिल्ली से बनारस की ट्रेन पकड़ने के लिए ये कार से दिल्ली जा रहे थे। पुलिस ने सलमान के पिता भूरे खां की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए आसपास के कैमरे भी चेक करने शुरू कर दिए हैं।

## एक नजर

### समरसेबिल से पिकअप निकालने पर चालक को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया के मुहल्ला मुंशियान निवासी फैज पिकअप वाहन में कोलतार के ड्रम लादकर पठानों वाले मोहल्ले स्थित साजिद की फैक्ट्री में उतारने जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनकी पिकअप वाहन मुहल्ले में आसिम के घर के सामने पहुंची तभी आसिम को शक हुआ कि वाहन उसके घर के आगे लगे समरसेबल के ऊपर से निकाला गया है जिससे नुकसान हो सकता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि आसिम ने गाली-गलौज करते हुए चालक फैज के साथ मारपीट कर दीद्य जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल अवस्था में फैज थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जोया सीएचसी में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने फैज की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर के लिए रैफर कर दिया।

### गड्ढो की नहीं हुई घेराबंदी तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** अमरोहा में लगातार हो रही डूबने की घटनाओं को लेकर पुलिस अब एक्शन मोड में नजर आ रही है। भट्ठा मालिकों को साफ चेतावनी दी गई है कि अगर गड्ढों को सुरक्षित नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। अमरोहा में ईंट-भट्ठों पर बने गहरे गड्ढे अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को बना हुआ है। इसी को गंभीरता से लेते हुए आज गुरुवार को डिडौली कोतवाल जितेंद्र बालियान ने भट्ठा मालिकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। फिलहाल पुलिस की इस सख्ती के बाद भट्ठा मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। अब देखना होगा कि इस अभियान का जमीनी स्तर पर कितना असर पड़ता है।

### स्कूल में चोरी की 12 दिन बाद रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने घटना के 12 दिन बाद प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार विद्यालय में 8 मई को लगातार दो दिन चोरी की घटनाएं हुई थीं। मामले में प्रधानाध्यापिका राफिया अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि चोर स्कूल से दो टैबलेट, ब्लूटूथ स्पीकर, रेडियो, विज्ञान एवं गणित विषय की किटें तथा नए बर्तन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे।गुरुवार को पुलिस ने प्रधानाध्यापिका की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की हैद्य पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पत्नी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।बताया गया कि 28 वर्षीय महिला बुधवार देर शाम अपने दो बच्चों को छोड़कर बिना बताए कहीं चली गईद्यइसी दौरान उसका पति किसी काम से बाहर गया हुआ था। जब वह वापस घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं मिली।स्वजनों ने महिला की आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।इसके बाद गुरुवार को पीड़ित पति थाने पहुंचा और पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी।पति ने पत्नी को मनोरोगी बताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### बिना रूकावट विद्युत व पेयजल आपूर्ति की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एआईएमआईएम ने ईदुल अजहा पर विद्युत व पेयजल आपूर्ति की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। गुरूवार को एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उनकी मांग है कि ईदुल अजहा पर जनपद में बेहतर सफाई व्यस्था हो और विद्युत व पेयजल की आपूर्ति निर्बाध हो। शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जबकि कुर्बानी के लिए जानवर ले जाने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एड.साजिद चौधरी, साहिल सलमानी, जाने आलम, राशिद, फारूक व रहवर शामिल रहे।

### समर कैम्प में बच्चों ने लिया हिस्सा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** गांव जगुआ खुर्द स्थित ए.एस.एम. पब्लिक स्कूल में बुधवार से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन शुरू हुआ। समर कैंप में नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों से जुड़ी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां कराई गईं। शिक्षकों ने बच्चों का ज्ञानवर्धन करने के साथ उनमें सीखने की जिज्ञासा विकसित करने पर जोर दिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए आउटडोर एवं इंडोर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने दौड़, कैरम बोर्ड, क्रिकेट, बैडमिंटन तथा खो-खो जैसे खेलों में हिस्सा लेकर जमकर आनंद उठाया। प्रबंधक नरेंद्र कुमार गुप्ता ने समर कैंप में आयोजित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और रचनात्मक कार्यों में भी भाग लेना चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

# शराब की दुकान हटाने को लेकर गरजी महिलाएं

### दुकान के आगे दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सैद नगली थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर बक्काल में सरकारी देसी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को भारी संख्या में आक्रोशित महिलाओं ने शराब की दुकान के सामने एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन करते हुए वहीं धरने पर बैठ गईं। महिलाओं के इस अचानक उठाये कदम और हंगामे के कारण मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का गंभीर आरोप है कि पहाड़पुर बक्काल में मुख्य स्थान पर देसी शराब की दुकान होने से गांव का माहौल पूरी तरह खराब हो चुका है। ग्रामीण महिलाओं ने रोष जताते हुए कहा कि गांव के पुरुष दिन-रात यहां से शराब पीते हैं और फिर आये दिन घरों में जाकर महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करते हैं। जिससे घरेलू कलह चरम पर पहुंच गई है। मामले के तूल पकड़ने और हंगामे की जानकारी मिलते ही सैद नगली थाना पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए प्रदर्शन कर रही महिलाओं से वार्ता की और उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि दिये गये समय के भीतर शराब की दुकान को आबादी और स्कूल के पास से नहीं हटाया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगी। इस दौरान पूनम, संतोष, राजवती, शकुंतला, वीरवती, पूजा, नीतू, सुशीला, शारदा, माया, मीना, हरवती, राजो, कौशल्या, जय बिंदरी, सुंदरी मौजूद रहे।

# खेत पर सिंचाई करने गए किसान की करंट से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में खेत पर पानी चलाने गए किसान की करंट की चपेट में आकर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के गांव हयातपुर निवासी राम सिंह अपने खेत पर पानी देने के लिए सबमर्सिबल चलाने गए थे। वहीं पर करंट की चपेट में आ कर वहीं गिर गए। कुछ देर बाद जब वहां पर राम सिंह की रिश्ते की पोती पारुल पहुंची तो दादा को नीचे

#### ■ बछरायूं के हयातपुर गांव में हुई घटना

पड़े देखकर उसने शोर मचाया। शोर सुनकर वहां पर राम सिंह के भतीजे कमल पहुंच गए। सभी लोग तुरंत राम सिंह को लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे मगर चिकित्सक ने उन्हें वहां पर मृत घोषित कर दिया। फिर परिजन गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे वहां पर भी चिकित्सक ने राम सिंह को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बताया गया है कि राम सिंह की शादी नहीं हुई थी, उनकी मौत से परिवार में चीख पुकार मच गई।

# आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये मौसेरे भाई-बहन

### जमकर हुआ हंगामा, पंचायत ने कराया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददा**

**जोया।** डिडौली क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर खलेरे भाई-बहन को आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। मामला बढ़ता देख गांव के जिम्मेदार लोगों द्वारा पंचायत बुलाई गईद्य जिसमें दोनों पक्षों के परिजन भी शामिल हुए। पंचायत में काफी देर तक चली बात. चीत के बाद आपसी सहमति से मौलाना को बुलाकर दोनों का निकाह करा दिया गया। बताया जा रहा है कि पंचायत के फैसले को लेकर गांव में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे सामा. जिक समाधान बता रहे हैंद्यजबकि कुछ लोगों ने इस तरह के मामलों में कानूनी प्रक्रिया अपनाने की बात कही है।फिलहाल मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई ह।

# एलएलबी का रिजल्ट सही कराने को गरजे छात्र

### कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर वीसी को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हकीम महताब उद्दीन हाशमी कॉलेज लॉ के छात्र छात्राओं ने रिजल्ट सही करने और द्वितीय सेमेस्टर को फीस वापस दिलाने की मांग को कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की। उन्होंने कुलपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। बृहस्पतिवार को विश्विद्यालय हकीम महताब उद्दीन हाशमी कॉलेज के एलएलबी और बीए एलएलबी के दर्जनों छात्राओं ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि प्रथम सेमेस्टर में अधिकतर छात्र छात्राएं फेल है। रिजल्ट खराब होने के बावजूद भी उनसे द्वितीय सेमेस्टर का फॉर्म भरवाकर फीस जमा कर ली गई। गुरुजनों के अनुसार उन्होंने परीक्षा की कॉपियों में कुछ नहीं लिखा इस कारण अधिकतर छात्र छात्राओं को फेल कर दिया गया है। उनकी मांग है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के वीसी फेल हुए सभी छात्र छात्राओं का रिजल्ट सही करे या सभी को सेम कोर्स में एमजेपी विश्विद्यालय बरेली में ट्रांसफर कर दें। नहीं तो उनकी समस्त फीस वापस कर दी जाए। प्रदर्शन करने वालो में सिकंदर अली, परवेज, मनतशा, उजमा, महक नाज, कार्तिका, सैफ, अलीशा परवीन, अशोक कुमार, श्वेता, आरिफा, जेबा, रहनुमा आदि शामिल रहे।

# वेतन न मिलने पर भड़के एनएचएम कर्मी

### सीएचसी में अनिश्चित्कालीन धरना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने गुरुवार से सीएचसी धनौरा परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि कई महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। इससे पहले कर्मचारी तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर विरोध जता चुके हैं। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि वे लगातार अधिकारियों से वेतन जारी करने की मांग कर रहे थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर अब उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। हालांकि कर्मचारियों ने कहा कि फिलहाल इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित नहीं होने दी जाएंगी। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मांग की कि सभी कर्मियों को हर महीने समय से वेतन दिया जाए। धरने में डॉ. परवेज, डॉ. सीमा, डॉ. शिरीन परवीन, डॉ. कुलदीप शर्मा, मोहित बिश्नोई, दीपा यादव, प्रशांत, सुनील, संदीप, रवि, मुस्कान कटियार, अभिषेक वर्मा, ममतेश कुमारी, अंशु कुमारी, अनुपम, आस मोहम्मद और बीना कुमारी समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने साफ कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# नहर में डूबे युवक का नहीं लगा सुराग

### बेटे की तलाश में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नहाने के दौरान नहर में डूबे हुए का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। एसडीआरएफ टीम ने लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया। बेटे की तलाश में नहर किनारे बैठे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं प्रशासन ने लोगों से नहर में न नहाने की अपील की है।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी मसलूम खां का 18 वर्षीय बेटा मोहम्मद सैफ बकरीद का त्योहार मनाने के लिए बीते सप्ताह मुंबई से घर आया था। बुधवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे वह अपने दोस्तों के साथ शिकरिया पुल के नीचे बह रही रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहराई की तरफ जाकर डूबने लगा था। इसके बाद पानी का तेज बहाव उसे अपने साथ बहा ले गया था। वहीं, मोहम्मद सैफ को डूबता हुआ देख साथ में नहाने आए दोस्त मौके से भाग गए थे। घटना ने परिजनों में कोहराम मचा दिया था। स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत नहर में छलांग लगा दी थी, आसपास काफी तलाश किया था लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। सूचना पर पहुंचीं एसडीएम सुनीता सिंह व सीओ अवधभान भदौरिया ने मुरादाबाद से एसडीआरएफ टीम को बुलाया था। देर शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में भी युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। वहीं, गुरुवार को दिन निकलते ही एसडीआरएफ के जवानों ने फिर तलाश शुरू की, इसी बीच विधायक समरपाल सिंह भी मौके पर आ गए लेकिन दूसरे दिन भी एसडीआरएफ की तलाश शाम तक अधूरी रही। विधायक ने डीएम नितिन गौड़ से वार्ता कर कालागढ़ डैम से नहर में छोड़ा जा रहा पानी दो दिन के लिए रुकवाने की मांग की, डीएम ने उन्हें इस संबंध में उच्च अधिकारियों से वार्ता करते हुए पानी रुकवाने का आश्वासन दिया। दूसरी तरफ रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दिनभर नहर किनारे बैठे रहे परिजनों की अब बेटे के जिंदा होने की उम्मीद टूटती जा रही है। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि नहर में पानी की धार तेज है, ऐसे में लग रहा है युवक पानी के बहाव में दूर बह गया है। उन्होंने लोगों से की कि नहर में नहाने से बचें, जरा सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर सीएमएस को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** दो माह से वेतन ना मिलने से खफा स्वास्थ्य कर्मियों ने जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। वेतन ना मिलने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। गुरूवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय एनएचएम योजना के अंतर्गत कार्यरत समस्त कर्मचारियों ने वेतन ना मिलने पर गुस्से का इजहार करते नारेबाजी की। सीएमओं को संबोधित ज्ञापन सीएमएस डॉ. एके भंडारी को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि किसी भी कर्मचारी को मार्च, अप्रैल का वेतन नहीं मिला है। जिस कारण उन्हें परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यदि इस माह उन्हें वेतन नहीं मिला तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार करने को मजबूर होगे। इस दौरान मनीष चौहान, देवराज, रिफाकत, जोगेंद्र कुमार, अशोक कुमार, चन्द्रमुखी, तरन्नुम, नेहा, अमित कुमार, भगवंत सिंह, निहार रस्तौगी आदि मौजूद रहे।



# आपसी सहयोग की जरूरत

देश में यह क्या हो रहा है, एक तरफ देश में आर्थिक मंदी की आशंका जताई जा रही है, और लोगों को सतर्क रहने को कहा जा रहा है। वहीं हमारे राजनेता अपनी भाषा को लेकर ही संयमित दिखाई नहीं दे रहे हैं। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृहमंत्री अमित शाह व आरएसएस जैसे संगठन पर न सिर्फ सीधे हमला बोला, बल्कि भाजपा की सारी सीमाएं लांघ गए। बुधवार को रायबरेली में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा में पीएम मोदी व अमित शाह को सीधे गद्दार कह डाला। आरएसएस को भी नहीं बख्शा। राहुल गांधी कह रहे थे कि पीएम मोदी ने हिन्दुस्तान के आर्थिक सिस्टम को बेच दिया, उन्होंने अडानी, अम्बानी को और अमेरिका को हिन्दुस्तान का आर्थिक सिस्टम पकड़ा दिया। पीएम के लिए जिस तरह की भाषा का उन्होंने इस्तेमाल किया, उसे जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। इसमें कोई दोराय नहीं कि पश्चिमी एशिया का संकट विश्व के देशों के साथ-साथ भारत पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। विदेशी धरती से पीएम मोदी देशवासियों का इस ओर ध्यान दिला चुके हैं और कह चुके हैं कि आने वाला समय बेहद संकट भरा हो सकता है। यही बात राहुल गांधी भी कह रहे हैं। बल्कि दो कदम आगे जाकर, रायबरेली में उन्होंने कहा कि देश में ऐसा आर्थिक तूफान आने वाला है, जो अब तक देशवासियों ने कभी नहीं देखा होगा और इस तूफान के लिए पश्चिम एशिया संकट से ज्यादा केंद्र में बैठी मोदी सरकार की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। एक बात साफ है कि वास्तव में देश में इस समय बड़ा संकट है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के संकट से निपटने के लिए देश का एकजुट होना जरूरी है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सत्तापक्ष व विपक्ष इस संबंध में विचार-विमर्श कर आगे बढ़ते, लेकिन हो क्या रहा है, सत्ता पक्ष अपनी ही भाषा बोल रहा है, तो विपक्ष उससे बिल्कुल विपरीत दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, किसी बड़े संकट से इस तरह नहीं निपटा जाता और इससे जनता के बीच भ्रम की स्थिति बनती है और एक अंदेखा डर उस पर हावी होने लगता है, जो होता भी दिखाई दे रहा है। हर कोई सोच रहा है कि आखिर आने वाला वक्त कैसा होगा। जोकि स्वाभाविक भी है। इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि इस तरह के वातावरण के लिए मोदी सरकार ही जिम्मेदार है। अबकी ही बात नहीं बल्कि दस-बारह साल में जिस तरह उसका काम करने का तरीका है, उसे लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। भले ही वह सबको साथ लेकर चलने की बात करती हो, लेकिन उसके क्रियाकलापों से ऐसा नहीं लगा कि वह विपक्ष को साथ लेकर चलना चाहती है। आर्थिक संकट का मामला कोई राजनी. तिक नहीं है और न ही वोटों के ध्रुवीकरण का मामला है। यह सीधे हमारे देश के भविष्य से जुड़ा है और बेहतर तरीका यही है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष टकराने के बजाए एक-दूसरे का सहयोग करें।

# एक जाल जिससे मुक्ति आवश्यक है

## वर्तमान शिक्षा प्रणाली



**रजनीश कपूर**

सभी जानते हैं कि शिक्षा को ज्ञान का दीपक माना जाता है। लेकिन आज के युग में वास्तविकता यह है कि हमारी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था एक ऐसा जाल बन गई है जिसमें लाखों-करोड़ों युवा फंस रहे हैं। यह प्रणाली न तो सच्चे कौशल विकसित करती है और न ही नवाचार को प्रोत्साहित करती है। बल्कि यह छात्रों को एक सांचे में ढालकर औसत जीवन की ओर धकेल रही है। बदलाव की मांग अब न केवल जरूरी बल्कि अनिवार्य बन चुकी है। तो ऐसा क्या किया जाए कि देश की युवा पीढ़ी शिक्षित भी बनें और अपने पसंद के क्षेत्र में निपुण भी बनें।

सफल उद्यमियों की कहानियां गवाह हैं कि बड़ी कंपनियों के संस्थापकों ने अक्सर पारंपरिक शिक्षा के इस जाल से खुद को बचाया। उनकी सफलता का राज रट्टा मारने या परीक्षा में अंक लाने में नहीं, बल्कि व्यावहारिक सोच, जोखिम लेने की क्षमता और निरंतर सीखने में छिपा है। इसके विपरीत, हमारी शिक्षा प्रणाली अमीर और गरीब के बीच खाई को और चौड़ा कर रही है। अमीर बच्चे बेहतर संसाधनों और अतिरिक्त कोचिंग के साथ आगे बढ़ते हैं, जबकि गरीब परिवार के बच्चे सीमित अवसरों में संघर्ष करते रह जाते हैं। शिक्षा की इस व्यवस्था में रचनात्मकता को कुचला जा रहा है। उदाहरण के लिए अधिकतर कक्षाओं में बच्चों को सरल .श्य बनाने या मानकीकृत उत्तर लिखने को कहा जाता है, न कि स्वतंत्र सोच विकसित करने को। परिणामस्वरूप, वे किसी बड़े कारखाने की असेंबली लाइन से निकलने वाले उत्पादों की तरह एक जैसे बन जाते हैं। 'तारे जमीन पर' और 'थ्री इडियट्स' जैसी फिल्में भले ही सफलता से बेहतर उत्कृष्टता का संदेश देती हों, लेकिन समाज और परिवार अभी भी प्रतिशत और रैंकिंग की दौड़ में बच्चों को धकेल रहे हैं। ऐसे में जीवन को 'दौड़' बताकर तनाव बढ़ाया जा रहा है, जबकि वास्तव में हर बच्चे की अपनी गति और प्रतिभा होती है, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। तकनीकी प्रगति की तुलना करें तो स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन और एआई जैसे क्षेत्रों में दुनिया तेजी से बदल रही है, लेकिन कुछ अपवादों को छोड़ कर कक्षाएं अभी भी सौ साल पुरानी शैली में चल रही हैं। बोर्ड, चॉक और रट्टा-आधारित पढ़ाई छात्रों को भविष्य के लिए तैयार नहीं कर पा रही। अल्बर्ट आइंस्टीन का प्रसिद्ध उदाहरण यहां पूरी तरह लागू होता है, मछली को पेड़ पर चढ़ने की परीक्षा देकर उसकी बुद्धिमत्ता का आकलन करना अन्याय है। हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग क्षेत्र में होती है, लेकिन एक आकार-एक फिट वाली प्रणाली इसे नजरअंदाज कर देती है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था की जड़ें ब्रिटिश काल से जुड़ी हैं, जब 1835 में एक नीति बनाई गई जिसका उद्देश्य सच्चा सशक्तिकरण नहीं बल्कि आज्ञाकारी नागरिक तैयार करना था। आज भी स्कूल और कॉलेज उन पूर्वनिर्धारित भूमिकाओं के लिए ग्रेजुएट तैयार कर रहे हैं, न कि नवप्रवर्तक या नेता। ग्रेडिंग सिस्टम बुद्धिमत्ता को केवल परीक्षा अंकों तक सीमित कर देता है, जबकि संचार, समझौता कौशल और समस्या-समाधान जैसे जीवन-महत्वपूर्ण गुणों की उपेक्षा की जाती है। ऐसे में इन सब के परिणाम भयावह हैं। स्नातकों में से आधे से अधिक नौकरी के योग्य नहीं पाए जाते। कॉर्पोरेट जगत में प्रवेश के बाद संचार की कमी, सकारात्मक दृष्टिकोण की कमी और निरंतर सीखने की इच्छा की कमी उजागर हो जाती है। जर्मनी जैसी देशों में दोहरी शिक्षा प्रणाली है, जहां सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव जुड़ा होता है, लेकिन हमारे यहां छात्र स्नातक होने तक केवल किताबी ज्ञान पर ही निर्भर रहते हैं। नतीजारू अच्छे अंक लाने वाले छात्र भी बेरा. जगारी का शिकार हो जाते हैं। आपको याद होगा जब 2025 में राजस्थान के चपरासीध्चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 53,000 पदों की भर्ती के लिए करीब 25 लाख युवाओं ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत से 90 प्रतिशत उम्मीदवार उच्च शिक्षित (ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट, बीटेक और पीएचडी) थे। इस जाल का सबसे दर्दनाक पहलू मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव है। नौकरी न मिलने की निराशा से हर साल हजारों छात्र आत्महत्या कर लेते हैं या गुनाह का रास्ता अपना लेते हैं। आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिला पाने की होड़ में व्यक्तिगत रुचि और क्षमता को नजरअंदाज किया जाता है, जिससे जलन और हताशा बढ़ती है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि, शिक्षा डिग्री-केंद्रित हो गई है, कौशल-केंद्रित नहीं। इसलिए समय आ गया है कि हम डिग्री से कौशल की ओर मुड़ें। रट्टा मारने की बजाय अवधारणात्मक समझ, व्यावहारिक उदाहरण और समस्या-समाधान पर जोर दिया जाए। वित्तीय शिक्षा अनिवार्य हो। बच्चों को एसेट-लायबिलिटी का अंतर, मुद्रास्फीति से लड़ना, निवेश बनाम खर्च और जल्दी बचत करने का महत्व सिखाया जाए। स्कूलों में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मार्केटिंग और आर्थिक मामलों जैसे भविष्योन्मुखी विषयों को भी शामिल किया जाए। इसके साथ ही बिजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएं ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां पैदा करने वाले बनें। जोखिम लेने की क्षमता विकसित करने के लिए गणना-आधारित प्रयोगों को प्रोत्साहन मिले। हमारे शिक्षक इस व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए उनका नियमित प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरणों से लैस होना और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन जरूरी है। प्रेरित शिक्षक सैकड़ों जीवन बदल सकते हैं। आज के भाग-दौड़ भरे युग में मानसिक स्वास्थ्य और जीवन कौशल भी शिक्षा का हिस्सा बनें। बच्चे एक ओर गणित सीखते हैं, लेकिन तनाव प्रबंधन नहीं। समय प्रबंधन, नागरि. कता भावना, संचार कौशल सातवीं कक्षा से अनिवार्य हों। संचार की मजबूती ही समाज में सम्मान या अपमान तय करती है।शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी दिलाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विक. सित करना होना चाहिए। प्राचीन भारतीय गुरुकुल प्रणाली में हर छात्र की व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार शिक्षा दी जाती थी।

## श्रीमुख से...

### घुसपैठियों का समर्थन गद्दारी



एक तरफ पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री की ओर बहुत भरोसे के साथ देखती है, वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी अपने शब्दों और भाषणों के जरिये बार-बार अपना असली स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं, भारत की जनता उन्हें बार-बार नकार रही है और वह एक के बाद एक चुनाव हार रहे हैं, इसकी वजह से जो हताशा और एक तरह की कुंठा उनमें पैदा हुई है, वह उनके व्यवहार में साफ झलकती है, वह जिस तरह से अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें करते हैं, वह निंदनीय है, जिस तरह से कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार घुसपैठियों का समर्थन करते हैं, वह गद्दारी है।

-पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

# इबोला का डर : नजर रखें और सतर्क रहें

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने असाधारण तत्परता दिखाते हुए मध्य अफ्रीका में इबोला के प्रकोप को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिंता वाला सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया। यहां तक घ्कि उसने परंपरा के मुताबिक विशेषज्ञ पैनलिस्टों की आपातकालीन समिति की सलाह का इंतजार भी नहीं किया। इसके बावजूद, दुनिया के स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा त्वरित कार्रवाई के लिए डब्ल्यूएचओ को सराहा गया है। इसकी वजह यह है कि इस प्रकोप के लिए जिम्मेदार वर्तमान स्ट्रेन – असामान्य बंडीबुग्यो स्ट्रेन – से पैदा होने वाली कई अनिश्चितताएं हैं। इस स्ट्रेन ने अतीत में कम प्रकोप पैदा किए हैं और टीकों (जो आम जैरे स्ट्रेन के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हैं) तथा अन्य उपचारों जैसे आमतौर पर प्रभावी उपायों की प्रभावकारिता का वर्तमान में बंडीबुग्यो के साथ परीक्षण नहीं किया गया है। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) और युगांडा में इबोला के नए प्रकोप की सूचना मिली है।

ऐसा कहा जाता है कि यह बीमारी छोटी है और दोनों देशों के बीच एक सीमित सीमावर्ती क्षेत्र तक ही सीमित है, लेकिन अभी भी इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष और विस्थापन के चलते मामले अनदेखे रह सकते हैं, जिससे यह फैल सकती है और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बाधित हो सकती है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, 16 मई, 2026 तक,





बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे

डीआरसी के इटुरी प्रांत में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए आठ मामले, 246 संदिग्ध मामले और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। युगांडा के कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए दो मामले (जिनमें एक मौत भी शामिल है) सामने आए हैं, जिनका आपस में कोई स्पष्ट संबंध नहीं है। डब्ल्यूएचओ ने कई कारकों -प्रारंभिक नमूनों की उच्च सकारात्मकता दर 13 नमूनों में से आठ सकारात्मक कंपाला में मामलों की पुष्टि संदिग्ध मामलों की सिंड्रोमिक रिपोर्टिंग में बढ़ते रुझान और इटुरी प्रांत में मौतों के समूह को सूचीबद्ध किया है, जो संभावित रूप से पता लगाए जा रहे प्रकोप से कहीं ज्यादा बड़े प्रकोप की ओर इशारा करते हैं।

बहरहाल, डब्ल्यूएचओ ने 50 फीसदी मृत्यु दर वाली स्थिति से निपटने के लिए जोखिम से बचने का सही रास्ता अपनाया है। हालांकि उसका कहना है कि वायरल स्ट्रेन, चिकित्सा देखभाल तक पहुंच और उपचार की रफ्तार के आधार पर मृत्यु दर 25 फीसदी से 50 फीसदी के बीच हो सकती है, लेकिन इस बार बंडीबुग्यो स्ट्रेन के कारण कुछ अनिश्चितताएं सामने आई हैं। इबोला संक्रामक है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में शरीर के तरल पदार्थों और दूषित सतहों के संपर्क में आने से फैल सकता है और घातक हो सकता है। साल 2014-16 में गिनी, लाइबेरिया और सिएरा लियोन में फैले भयावह प्रकोप के परिणामस्वरूप 28,600 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे और 11,325 मौतें हुई थीं। डब्ल्यूएचओ ने शुरू में ही उच्चतम स्तर की वैश्विक चेतावनी जारी करके इस संकट से निपटने में दुनिया से सहयोग का आह्वान किया है। इस चरण में प्रकोप नियंत्रण गतिविधियों में अनिवार्य रूप से रोगी और संपर्क का कारगर तरीके से पता लगाना, प्रत्येक रोगी के लिए गहन सहायता, सुरक्षित एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार, टीकाकरण (अगर वे कारगर हों) और आम जनता के बीच इस बीमारी के बारे में जानकारी फैलाने के लिए सामाजिक लामबंदी शामिल होनी चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का गहराता संकट

## अंतर्राष्ट्रीय जैव विवधता दिवस पर विशेष



**योगेश कुमार गोयल**

मानवीय गतिविधियों के कारण पृथ्वी पर जैव विविधता पर गंभीर संकट मंडरा रहा है और जीव-जंतुओं, वनस्पतियों इत्यादि की अनेक प्रजातियां तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। जीव-जंतु और वनस्पति ही धरती पर बेहतर और जरूरी पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं लेकिन प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है। अनेक शोधों से यह चिंताजनक तथ्य सामने आ चुका है कि पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र बेहद खराब हो चुका है। मानवीय दखल से दूर रहने के कारण और स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका के चलते धरती का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा ही पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित रह गया है। जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने तथा धरती पर मौजूद जंत. ुओं और पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को एक खास थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का इस वर्ष का विषय है 'वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना', जो इस तथ्य को उजागर करता है कि पृथ्वी को बचाने की शुरुआत छोटे-छोटे स्थानीय प्रयासों से ही होती है। अमे. रिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकर्ताओं का मानना है कि अगले पांच दशकों में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की प्रत्एक तीन में से एक यानी एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकर्ताओं ने दुनियाभर के छह सौ स्थानों पर पांच सौ से ज्यादा प्रजातियों पर एक दशक तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 44 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकर्ताओं इस नतीजे पर पहुंचे कि यदि गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनियाभर में कई प्रजातियां खत्म हो जाएंगी। ब्रिटेन स्थित 'स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर' के मुता. बिक विश्व के केवल 2.7 प्रतिशत हिस्से में ही अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। इन क्षेत्रों में सदियों पहले जो पेड़-पौधे और जीव पाए जाते थे, वे प्रजातियां आज भी मौजूद हैं। जो अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र बचा है, वह भी जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल 11 प्रतिशत क्षेत्र को ही संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश इलाके उत्तरी गोलार्ध में आते हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ए जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे। 'इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर' आइयूसीएन एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके विलुप्त होने की संख्या तथा दर में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने करीब एक लाख पैंतीस हजार प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया था।





नई दिल्ली। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) द्वारा वाणिज्यिक वाहनों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाने के फैसले के विरोध में बुलाई गई तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान कतार में खड़े ऑटो-रिक्शा।

## हिजबुल्ला ने इजरायली सेना पर 24 हमलों का किया दावा

**बेरूत।** हिज्जबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना के ठिकानों को निशाना बनाकर 24 सैन्य अभियान चलाए हैं। ये हमले रॉकेट, तोपखाने और ड्रोन के जरिए इजरायली सैनिकों के जमावड़े और सैन्य वाहनों को निशाना बनाकर किए गए। समूह ने एक बयान में कहा कि 20 मई, को इस्लामिक रेजिस्टेंस ने दुश्मन इजरायली सेना के खिलाफ 24 लड़ाकू ऑपरेशन किए। हिज्जबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने अवीविम, रमीम, रामोट नफताली और माले गोलानी जैसे इलाकों में इजरायली सैनिकों के ठिकानों और सैन्य जमावड़े को निशाना बनाया। इसके साथ ही लेबनानी सीमा पर कई बस्तियों को भी निशाना बनाया गया है। समूह ने कहा कि हमलों में ड्रोन, रॉकेट और आर्टिलरी फायर शामिल थे।

# ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में मतभेद उजागर

## अमेरिकी प्रशासन डील चाहता है, इजरायल बोलाः हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया, तो गलती होगी

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए।

ट्रम्प ने नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था, लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की



■ कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया: ट्रम्प

अपील पर यह फैसला लिया गया। ज्ञात रहे कि अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव 50. 47 से पास हुआ। पार रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रम्प के खिलाफ वोट दिया, अगर कानून बना तो ईरान के खिलाफ जंग जारी रखने के लिए ट्रम्प को कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। वहीं ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सवाल सिर्फ यह है कि अमेरिका आगे पूरी कार्रवाई करेगा या ईरान समझौता करेगा। पिछले 24 घंटे में 26 जहाज ईरानी मंजूरी के बाद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें तेल टैंकर और कामर्शियल जहाज शामिल थे। बताते चलें कि ईरान में इंटरनेट शटडाउन को आज 83 दिन हो गए हैं। इंटरनेट निगरानी संस्था नेटब्लाक्स के मुताबिक देश में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क करीब 1968 घंटे से ज्यादा समय से बड़े पैमाने पर बंद हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान सरकार ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही देशभर में इंटरनेट पाबंदियां लगा दी थीं। इससे पहले जनवरी में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान भी करीब 20 दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बाधित रही थीं। इसी बीच रूस ने कहा है कि ईरान संकट का हल सिर्फ डिप्लोमेसी और बातचीत के जरिए ही संभव है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि ईरान के हितों का सम्मान किया जाना जरूरी है। जखारोवा ने कहा कि रूस, ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत के जरिए जो भी समझौता होगा, उसे लागू कराने में मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी साफ कहा कि ईरान के यूरेनियम भंडार का भविष्य तय करने का अधिकार सिर्फ ईरान के पास है। इस मुद्दे पर कोई बाहरी देश फैसला नहीं कर सकता। ईरान और उसके विरोधियों के बीच जारी सीजफायर बातचीत के दौरान हालात ऐसे बन गए हैं जहां कोई भी पक्ष खुलकर युद्ध नहीं चाहता, लेकिन दोनों यह दिखाना चाहते हैं कि जरूरत पड़ने पर वे लड़ाई फिर शुरू करने के लिए तैयार हैं। किंग्स कॉलेज लंदन के लेक्चरर राब गीस्ट पिनफोल्ड के मुताबिक ईरान को लग रहा है कि लंबी बातचीत से उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है।

# पाक के जरिये नया अमेरिकी युद्ध विराम प्रस्ताव

## समीक्षा कर रहा ईरान, अब तक तेहरान ने प्रस्ताव को लेकर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया

**तेहरान।** अमेरिका ने पश्चिम एशिया संघर्ष को स्थाई रूप से खत्म करने के लिए पाकिस्तान के जरिये नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। अल अरबिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले से जुड़े कूटनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, लेकिन अब तक उसने कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है। दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम करने के लिए मध्यस्थ लगातार कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ईरान यात्रा का प्लान बनाया है।

इससे पहले ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा था कि ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है। ईरान के सरकारी मीडिया प्रेस टीवी के मुताबिक, बघाई ने कहा कि ईरान को उसके 14 सूत्रीय प्रस्ताव पर अमेरिका का जवाब मिल गया है और उसकी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी की तेहरान यात्रा का मकसद दोनों पक्षों के बीच बातचीत को आसान बनाना है। बघाई ने कहा कि इस समय हमारी प्राथमिकता लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म करना है। ईरान ने अपनी मुख्य मांगों में जमा फंड जारी करने, समुद्री रास्तों में कथित बाधाएं खत्म करने और ईरानी जहाजों को निशाना बनाने वाली कार्रवाइयों को रोकने की बात कही है। उन्होंने दोहराया कि तेहरान पूरी गंभीरता और अच्छी भावना के साथ बातचीत कर रहा है। लेकिन अमेरिका को भी ईमानदारी दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में वाशिंगटन का रिकार्ड बहुत खराब रहा है, इसलिए गहरे अविश्वासश वाला बातचीत का माहौल है। उन्होंने कहा, हमारी नजरें खुली हैं और हमारी सेना पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान किसी भी तरह का भरोसा जताए बिना भी बातचीत जारी रखेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से मुलाकात की। नकवी इस सप्ताह दूसरी बार तेहरान पहुंचे और उन्होंने ईरान के गृह मंत्री तथा राष्ट्रपति से बातचीत की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने नकवी के साथ बैठक में क्षेत्रीय हालात, ईरान-अमेरिका के अप्रत्यक्ष वार्ता और कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। वहीं, इजरायली मीडिया संस्थान सी-14 ने दावा किया कि पाकिस्तान की शांति समझौते में दिलचस्पी उसकी आर्थिक मुश्किलों से जुड़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान और पाकिस्तान के बीच ऐसी समझ बनी है, जिसके तहत पाकिस्तान ईरान को बेहतर समझौता दिलाने में मदद करेगा। इसके बदले ईरान प्रतिबंधों में राहत और संभावित समझौते के बाद मिलने वाले फंड के जरिये पाकिस्तान को उसके कर्ज संकट से उबरने में मदद करेगा। पश्चिम एशिया में हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि कई पक्ष समझौते के जरिये तनाव कम करने की कोशिश में जुटे हैं।



■ ईरान अमेरिका के साथ अच्छी नीयत से बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे अमेरिका पर अब भी गहरा शक है: बघाई

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के लिए जहाजों को लेनी होगी अनुमतिः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य में अपने नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस समुद्री मार्ग से गुजरने से पहले सभी जहाजों को अनुमति लेनी होगी और समन्वय स्थापित करना होगा। 'फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण' ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जलडमरुमध्य में नियंत्रण क्षेत्र को स्पष्ट करते हुए कहा कि निंगरानी क्षेत्र पूर्व की ओर ईरान के कुह-ए उबारक से लेकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह के दक्षिण तक और पश्चिम की ओर ईरान के केश्म द्वीप के छोर से लेकर यूएई के उम अल कुवैन तक फैला हुआ है। प्राधिकरण ने कहा कि निर्दिष्ट क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों को फारस की खाड़ी जलमार्ग प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय करना होगा और जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले आवाजाही कि अनुमति प्राप्त करनी होगी।

# युद्ध नहीं, सम्मानजनक कूटनीति ही बेहतर रास्ता

■ ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियन ने फिर दोहराया अपना रुख

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि उनका देश युद्ध के बजाय कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता देता है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि ईरान ने हमेशा अपने सभी दायित्वों का सम्मान किया है और युद्ध से बचने के लिए हर संभव रास्ता अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कूटनीतिक विकल्प अभी भी खुले हुए हैं।

पेजेशकियन ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि किसी भी देश को बल या दबाव के जरिए झुकाने की कोशिश करना एक भ्रम है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां लंबे समय में स्थाई समाधान नहीं दे सकतीं। उनके अनुसार, आपसी सम्मान के साथ की गई कूटनीति ही अधिक समझदारी भरा, सुरक्षित और स्थाई रास्ता है। रायटर्स ने ट्रम्प के हवाले से कहा, सब कुछ खत्म हो गया है। उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। लगभग सब कुछ। अब बस एक ही सवाल है, क्या हम जाकर इसे खत्म कर दें? क्या वे किसी दस्तावेज पर दस्तखत करने वाले हैं? चलिए देखते हैं क्या होता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वह क्षेत्र में बड़े युद्ध की बजाय सीमित स्तर पर तनाव या हिंसा को बेहतर मानते हैं। उन्होंने कहा, आदर्श रूप से मैं यह देखना चाहूंगा कि बहुत ज्यादा लोगों की बजाय कम लोगों की जान जाए। हम इसे किसी दूसरे तरीके से भी कर सकते हैं, लेकिन मैं कम नुकसान देखना चाहूंगा। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान में खराब आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण लोगों के बीच गुस्सा बढ़ रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के साथ एक सीमित समझौते का मतलब लंबे समय के संघर्षविराम से है, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हम इसे एक मौका देने जा रहे हैं। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है।

## दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थाई विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं।

## इबोला संकटः भारत-अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन टला

■ अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया: सरकार

**नई दिल्ली।** अफ्रीका के कई हिस्सों में इबोला वायरस के मामलों के बीच भारत और अफ्रीकी संघ ने नई दिल्ली में होने वाला इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट स्थगित कर दिया है।

यह सम्मेलन 28 मई से आयोजित होना था। भारत सरकार ने बयान जारी कर कहा कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में बदलती स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए सम्मेलन को फिलहाल टालने का फैसला लिया गया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो के साउथ किवु प्रांत समेत अफ्रीका के कई इलाकों में इबोला वायरस के मामले सामने आए हैं। भारत और अफ्रीकी संघ चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की तैयारियों में जुटे थे। हालांकि हालात की समीक्षा के बाद दोनों पक्षों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। सरकार ने कहा कि सम्मेलन की नई तारीख आपसी परामर्श के बाद तय की जाएगी। यह फैसला भारत और अफ्रीकी संघ आयोग के चेयरपर्सन के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया। दोनों पक्षों ने सहमति जताई कि मौजूदा परिस्थितियों में सम्मेलन बाद में आयोजित करना उचित रहेगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मध्य अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैले इबोला प्रकोप को अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित किया है।

# ईरान-अमेरिका वार्ता में उभरा नया ताकतवर चेहरा

## ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी समझौते और युद्ध पर रणनीति तय करने वाले अहम नेताओं में शामिल

**तेहरान।** अमेरिका के साथ जारी युद्धविराम और परमाणु वार्ता के बीच ईरान में एक कट्टरपंथी सैन्य चेहरे का प्रभाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद वाहिदी अब अमेरिका के साथ संभावित समझौते और युद्ध खत्म करने को लेकर रणनीति तय करने वाले सबसे अहम नेताओं में शामिल माने जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वहीदी उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जो ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सीधे संपर्क में हैं। बताया जा रहा है कि फरवरी में इजरायली हमलों में घायल होने के बाद खामेनेई सार्वजनिक जीवन से दूर हैं। ऐसे में ईरान की सत्ता के भीतर प्रभाव और नियंत्रण को लेकर खींचतान तेज हो गई है। अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं। युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले तक वह सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए थे। हालांकि गुरुवार को ईरानी अखबारों में उनकी तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह तेहरान में पाकिस्तान के गृह मंत्री से मुलाकात करते दिखे। बताया गया कि पाकिस्तान की ओर से अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर संदेश पहुंचाया गया था। वहीदी पर वर्षों से कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल होने के आरोप लगते रहे हैं। उन पर 1994 में अर्जेंटीना के यहूदी सामुदायिक केंद्र पर हुए बम धमाके में भूमिका निभाने का आरोप है, जिसमें 85 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इसके अलावा 1996 में सऊदी अरब के खोबर टावर्स पर हुए हमले में भी उनका नाम जोड़ा गया, जिसमें 19 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। हालांकि ईरान ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है। इस साल युद्ध के शुरुआती दौर में अपने पूर्ववर्ती की मौत के बाद वहीदी को रिवोल्यूशनरी गार्ड की कमान सौंपी गई थी। अब वह ईरान की सबसे ताकतवर सैन्य ताकत का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसके पास बैलिस्टिक मिसाइलों का बड़ा जखीरा और फारस की खाड़ी में सक्रिय नौसैनिक क्षमता है। विश्लेषकों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बनाने और वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित करने की रणनीति में वहीदी की अहम भूमिका है। वाशिंगटन स्थित इंस्टीटयूट फार द स्टडी आफ वार का कहना है कि वहीदी और उनके करीबी लोगों ने न सिर्फ युद्ध से जुड़ी सैन्य रणनीति बल्कि अमेरिका के साथ वार्ता की नीति पर भी नियंत्रण मजबूत कर लिया है।



■ अहमद वहीदी लंबे समय से ईरान की सुरक्षा और सैन्य रणनीति का अहम चेहरा रहे हैं

## कैरेबियन सागर पहुंचा यूएसएस निमित्ज

■ अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका और क्यूबा के बीच बढ़ते तनाव ने अब सैन्य मोर्चे पर भी हलचल बढ़ा दी है। अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस निमित्ज अपने स्ट्राइक ग्रुप के साथ कैरेबियन सागर में पहुंच गया है। यह जानकारी श्द हिलश की एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्यूबा के प्रति अपनी बयानबाजी तेज कर दी है और इस द्वीपीय राष्ट्र के खिलाफ कार्रवाई की धमकी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को मजबूत करना है। अमेरिकी नौसेना के इस शक्तिशाली स्ट्राइक ग्रुप में एफ/ए-18ई सुपर हार्नेट लड़ाकू विमान, ईए-18जी ग्रोवलर इलेक्ट्रानिक युद्धक विमान और सी-2 ग्रेहाउंड सपोर्ट एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इसके साथ यूएसएस ग्रिडली विध्वंसक युद्धपोत और पटक्सेंट ईंधन आपूर्ति पोत भी मौजूद हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यूएसएस निमित्ज ने ताइवान जलडमरूमध्य से लेकर अरब की खाड़ी तक, स्थिरता सुनिश्चित करते हुए और लोकतंत्र की रक्षा करते हुए दुनिया भर में अपनी युद्ध क्षमता साबित की है। 1975 में कमीशन किए गए इस एयरक्राफ्ट कैरियर ने हाल ही में रियो डी जनेरियो के तट पर ब्राजील की नौसेना के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास में भाग लिया था।

# सिर्फ जन्मजात अमेरिकी नागरिक ही संभालें सत्ता

## रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्राकृतिक रूप से नागरिकता हासिल करने वाले लोगों के अधिकारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है। रिपब्लिकन सांसद नैन्सी मेस ने एक संवैधानिक संशोधन प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें प्राकृतिक रूप से अमेरिकी नागरिक बने लोगों को कांग्रेस सदस्य, संघीय न्यायाधीश और सीनेट की पुष्टि वाले महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त होने से रोकने की मांग की गई है।

इस प्रस्ताव को लेकर डेमोक्रेटिक नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे नस्लवादी, घृणित और विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ बताया है। प्राकृतिक रूप से नागरिकता का मतलब है कि कोई व्यक्ति जन्म से उस देश का नागरिक न हो, लेकिन बाद में कानूनी प्रक्रिया पूरी करके उस देश की नागरिकता हासिल कर ले। साउथ कैरोलिना की सांसद मेस ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से लंबित संवैधानिक संशोधन पेश किया है। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति बनने के लिए पहले से ही नेचुरल बार्न सिटिजन यानी जन्म से अमेरिकी नागरिक होना जरूरी है, इसलिए यही नियम कांग्रेस, संघीय अदालतों और सीनेट से मंजूर होने वाले पदों पर भी लागू होना चाहिए। मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं। इनमें उमर सोमालियाई मूल की अमेरिकी हैं, जबकि जयपाल और थानेदार भारतीय मूल के नेता हैं। मेस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका के कानून लिखने वाले, न्यायाधीशों की पुष्टि करने वाले और दुनिया के सामने अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले लोगों की निष्ठा सिर्फ अमेरिका के प्रति होनी चाहिए, किसी दूसरे देश के प्रति नहीं। उन्होंने खास तौर पर इल्हान उमर का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ नेताओं की वफादारी अमेरिका से बाहर दिखाई देती है। हालांकि, इस प्रस्ताव का असर केवल डेमोक्रेट्स तक सीमित नहीं रहेगा। अमेरिका की कांग्रेस में ऐसे 26 सदस्य हैं जो विदेश में जन्मे हैं, जिनमें कुछ रिपब्लिकन सांसद भी शामिल हैं। डेमोक्रेटिक सांसदों ने इस प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। भारतीय मूल की सांसद प्रमिला जयपाल ने इसे संकीर्ण सोच, विदेशी विरोधी मानसिकता और अमेरिका के इतिहास का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक नस्लवाद से प्रेरित है और कांग्रेस में इसकी कोई जगह नहीं होनी चाहिए।



■ मेस ने अपने पोस्ट में डेमोक्रेटिक सांसदों इल्हान उमर प्रमिला जयपाल और थानेदार की तस्वीरें भी साझा कीं

## ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ चीन-रूस मुखर

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की

**बीजिंग।** चीन-रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वर्चस्ववादी नीतियों की कड़ी निंदा की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शिखर वार्ता के बाद जारी साझा बयान में दोनों देशों ने खुद को बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था यानी ऐसी दुनिया के समर्थक के रूप में पेश किया, जहां किसी एक देश का दबदबा न हो।

जिनपिंग ने बिना अमेरिका का नाम लिए कहा कि दुनिया में एकाधिकार और वर्चस्ववादी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं। दोनों देशों को मिलकर एकतरफा दादागिरी का विरोध करना चाहिए और अधिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रक्षा करनी चाहिए। चीनी समकक्ष की इस बात को पुतिन ने रूस-चीन संबंधों के लिए अभूतपूर्व बताया। साथ ही कहा कि एक बहुकेंद्रित दुनिया बनाने की जटिल प्रक्रिया आकार ले रही है और रूस-चीन साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में स्थिरता का बड़ा आधार है। पुतिन-जिनपिंग ने बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। बीजिंग में पुतिन के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में औपचारिक स्वागत के बाद उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतर्राष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं।

